卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 316 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦23 अगस्त 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## 35 लाख की स्मैक सहित दो दबोचे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लालकुआं कोतवाली पुलिस तथा एस ओ जी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चौकिंग के दौरान बाइक सवार दो नशा तस्करों को बरेली से करीब 35 लाख रुपए कीमत की लाई जा रही अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी ने बताया कि सीओ संगीता लालकुंआ के पर्यवेक्षण में डीआर वर्मा, प्रभारी निरीक्षक लालकुंआ के नेतृत्व में लालकुआ थाना पुलिस टीम व एसओजी० टीम द्वारा लालकुआ क्षेत्र में रात्रि में चौकिंग की जा रही थी। इसी दौरान सुभाषनगर बैरियर पर मोटर साईकिल संख्या यूपी 25 ए एक्स 9389 को रोककर उस पर सवार युवकों से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना नाम पता नसीम पुत्र लईक अहमद निवासी मोहल्ला अंसारी थाना फतेहगंज जिला बरेली व अभय शर्मा पुत्र दिनेश शर्मा निवासी सिटी सब्जी मंडी थाना बिहारीपुर पुलिस चौकी जिला बरेली बताया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से कुल 172. 11 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई। पूछताछ मे उन्होंने बताया कि वे स्मैक बरेली से एक व्यक्ति से लाकर लालकुआ समेत अन्य मैदानी व पहाडी क्षेत्रों में बेचने के लिए लाए हैं। पुलिस ने बरामद स्मैक (शेष पृष्ठ सात पर)



## चंद्रयान-3 के लिए हुई विशेष गंगा आरती

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग के लिए परमार्थ निकेतन में विशेष गंगा आरती की गई। स्वामी चिदानंद सरस्वती, परमार्थ गुरुकुल के ऋषिकुमारों और श्रद्धालुओं ने मां गंगा का अभिषेक कर चन्द्रायन -3 की सॉफ्ट एवं सुरक्षित लैंडिंग के लिए प्रार्थना की। सभी ने यज्ञ में आहुतियां समर्पित की। वहीं दूसरी तरफ बाबा रामदेव ने अनुष्ठान शुरू कर दिया है। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन ने चंद्र कक्षा सम्मिलन (एल ओआई) के सफलतापूर्वक पूर्णता के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। लगातार (शेष पृष्ठ सात पर)



## चोरी की तीन बाइकों सहित एक गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। थाना पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की तीन बाइकें बरामद की है। बीते दिनों रवि कम्बोज पुत्र रमेश चन्द्र निवासी वार्ड न0 6 आवास विकास ने तहरीर देकर कहा था कि 14 अगस्त को उसके घर के बाहर खडी उसकी मोटरसाईकल चोरी हो गयी। इसके अलावा नदीम अहमद पुत्र लतीप अहमद निवासी मौहल्ला जुलाहान थाना जसपुर ने भी तहरीर देकर कहा था कि गदरपुर से उसकी बाइक 13 अगस्त को चोरी हो गयी। दोनों मामले दर्ज करने के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की। सी.सी. टी.वी कैमरो का अवलोकन कर, सी.सी. टी.वी मे दिखाई दे रहे संदिग्धो की पहचान हेतु आवश्यक पड़ताल की गयी। मंगलवार शाम पुलिस ने चैकिंग के दौरान बाइक चोरी के मामले में कुलदीप सिंह उर्फ काली पुत्र रंजीत सिंह निवासी गुलाब सिंह का मजरा थाना केलाखेड़ा को पकड़ लिया। उसके पास मिली बाइक के कागजात मांगे तो वह नहीं दे पाया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने स्वीकार किया कि उसने यह बाइक14 अगस्त को आवास विकास से चोरी की थी। उसी निशानदेही पर (शेष पृष्ठ सात पर)



## सांड ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री को किया घायल

नानकमत्ता(उद संवादद्ा)। आवारा सांड ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर हमला कर घायल कर दिया। जिससे आनन फानन में उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार की शाम को आंगनबाड़ी कार्यकत्री महिला संतोष अग्रवाल नगर से खरीददारी कर घर जा रही थी कि नगर के मुख्य चौराहे पर पीछे से आए आवारा सांड ने हमला बोल दिया। आवारा सांड ने महिला को उठाकर जमीन पर पटक दिया। महिला की चीख पुकार सुनकर घटनास्थल की और दौड़ पड़े राहगीरों ने बमुश्किल सांड को भगाकर महिला की जान बचाई। शहर की गली नुक्कड़ और मुख्य चौराहे पर सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं जान लेवा साबित हो रहे हैं, आवारा पशुओं के कारण अब तक हादसे से हुई कई लोगों की जान जा चुकी है और कई लोग घायल हो चुके हैं। जबकि प्रशासन और निगम आवारा पशुओं की समस्याओं के समाधान के लिए कोई प्रयास नहीं किया गए। शहर में आवारा पशुओं से आए दिन हादसे हो रहे हैं। आवारा पशुओं से लोगों का निकलना दुभर हो गया है। आवारा पशुओं की समस्या दिनों दिन विकराल हो रही है। अगर यही हाल रहा तो लोगों को अपने घरों से निकलना भी मुश्किल हो जाएगा। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को भी आवारा पशुओं से खतरा मंडराता दिखाई देता है। नगर के मुख्य चौराहे पर आवारा पशुओं का झुंड होने से यातायात भी बाधित हो जाता है। आवारा पशुओं के इस आतंक से शासन प्रशासन का कोई अधिकारी सुध नहीं ले रहा है। जिस शहर वासियों को भारी (शेष पृष्ठ सात पर)



## रिटायर्ड पुलिस कर्मी ने फांसी लगाकर दी जान

रामनगर (उद संवाददाता)।बुधवार की सुबह दिल्ली पुलिस में एएसआई के पद से रिटायर हुए एक व्यक्ति ने अज्ञात कारणो के चलते अपने घर में बाथरूम के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है तो वही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि बेनी बिहार द्वितीय पीरुमदारा निवासी 68 वर्षीय भोपाल सिंह बिष्ट ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करने की कार्रवाई की जा रही है तथा पुलिस द्वारा मामले की जांच भी की जा रही है।

## सरेआम लूटी सोने की चेन

रामनगर। शहर में एक बाइक सवार लुटेरे ने कोसी बैराज क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक पर जा रहे हैं एक युवक की खुले आम चैन लूट कर पुलिस के सुरक्षा दावों की पोल खोल दी है। घटना के बाद से कोसी बैराज क्षेत्र में मॉर्निंग एवं इवनिंग वॉक करने वाले लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बता दें कि लखनपुर शांतिकुंज गली नंबर चार निवासी प्रियांक खुल्बे बुधवार की सुबह अपने घर से पैदल कोसी बैराज क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक पर निकले थे इसी बीच कोसी बैराज से कुछ दूरी पर एक अज्ञात बाइक सवार युवक जो कि हेलमेट पहने हुए था उसने उनके गले से सोने की चेन पर झपट्टा मारते हुए खींचकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद (शेष पृष्ठ सात पर)

## रम्पुरा में मामूली बात पर फायरिंग से मचा हड़कम्प

रूद्रपुर। रम्पुरा के कटोरी मंदिर के निकट मंगलवार की शाम को एक युवक ने तमंचे से फायर कर दिया। इससे मौके पर भगदड़ मच गई। सूचना पर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी ली। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी में घटना कैद मिली। मौके से खाली कारतूस भी बरामद हुआ है। पुलिस ने मामले में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। घटना को लेकर रम्पुरा वार्ड नंबर 23 निवासी दीना पुत्र पाति राम ने तहरीर देते हुए (शेष पृष्ठ सात पर)

## पौराणिक नागेश्वर मंदिर ढहने के कगार पर

काशीपुर(उद संवाददाता)। लगातार हो रही बारिश एवं ढेला नदी के कटान के बीच मधुवन नगर वार्ड नंबर 12 में मकानों के गिरने का सिलसिला जारी है वहीं नागेश्वर मंदिर भी लगभग ढहने की कगार पर है। इस मंदिर में दरारें आने के बाद भी कोई माकूल व्यवस्था नहीं की गई और इसी लापरवाही का परिणाम देखते देखते मंदिर ढहना शुरू हो गया।बता दें पिछले कई दिनों से बारिश की वजह से ढेला नदी उफान पर है। इस वजह से आधा दर्जन मकान अब तक ढह चुके हैं। यहां स्थित नागेश्वर मंदिर भी खतरे की जद में आ गया था। सिंचाई विभाग द्वारा पिचिंग का काम किया जा रहा था जो कि बीच में रोक दिया गया था। हालांकि कुछ समाजसेवियों ने अपनी ओर से पत्थर आदि उपलब्ध करवाएं थे ताकि पिचिंग कार्य जारी रह सके। पूर्व पार्षद अब्दुल कादिर मधुवन नगर में ढेला नदी से हो नुकसान को लेकर लंबे समय से चेता रहे थे। प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लेने पहुंचे जरूर लेकिन (शेष पृष्ठ सात पर)

## अगवा किशोरी को किया बरामद,आरोपी गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत रात्रि कुछ युवकों द्वारा एक नाबालिग किशोरी को बहलाफुसलाकर अगवा कर ले जाने के मामले में अगवा किशोरी को बरामद कर पुलिस ने मुख्य आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 21 अगस्त की रात्रिग्राम सम्पतपुर से एक नाबालिग किशोरी को कुछ युवकों ने बहला फुसलाकर अगवा कर लिया। खोजबीन करने के बाद जब परिजनों को युवकों के बारे में पता चला तो उन्होंने आरोपी युवकों दीपक पासवान पुत्र जगदीश पासवान निवासी गली नम्बर छह वार्ड 1 व उसके दोस्त अमन पासवान पुत्र राजू राम व शिवा पासवान पुत्र मलखान पासवान निवासी गली नम्बर छह जगतपुरा के विरूद्ध कोतवाली में रपट दर्ज करा दी। इधर परिजनों ने खोजबीन करते हुये पुत्री एवं अगवा करने वाले युवक दीपक को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने किशोरी को परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जबकि आरोपी दीपक के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी।

## लोकतंत्र सेनानी योगराज पासी पंचतत्व में विलीन

बाजपुर(उद संवाददाता)। पूर्व सांसद बलराज पासी के पिता एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष योगराज पासी का निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। सैकड़ों लोगों ने बुधवार को नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। दिवंगत योगराज पासी लोकतंत्र सेनानी, उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी के साथ साथ भाजपा के जिलाध्यक्ष भी रह चुके थे। उनके निधन का समाचार सुनकर घर में शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। दोपहर बाद गमगमीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार हुआ। भाजपा के वयोवृद्ध नेता योगराज पासी का जन्म ननकाना साहिब ,ग्राम घोड़ा चक, (वर्तमान में पाकिस्तान) में हुआ था। कक्षा 4 तक की पढ़ाई गांव के प्राथमिक विद्यालय जबकि आगे की चक नंबर-सात में हुई। इस बीच आजादी की लड़ाई को लेकर बच्चे अक्सर तिरंगे के साथ प्रदर्शन करते थे। संघ प्रचारक रामनाथ की प्रेरणा से महज 11 साल की उम्र में वे संघ कार्यकर्ता बन गये थे। 3 जून 1947 को बंटवारे के चलते उनका गांव पाकिस्तान में चला गया। खून-खराबे के बीच अपने पिता जयराम व अन्य परिजनों के साथ पैदल काफिले के माध्यम से अमृतसर आ गए। पढ़ाई आदि करने तथा वहां कोई रोजगार नहीं मिलने पर मेरठ आ गए। यहां रिक्शा चलाकर अपने जीवन का निर्वहन किया, लेकिन संघ का कार्य करते रहे। स्थिति सुधरने पर 60 के दशक में तराई में आ गए। जून (शेष पृष्ठ सात पर)



### नेत्रदान कर अमर हुए योगराज पासी

बाजपुर(उद संवाददाता)। पूर्व सांसद बलराज पासी के पिता योगराज पासी के निधन के पश्चात दुख की इस घडी में परिवार ने सामाजिक हितों को सर्वोपरि रखते हुए पिता की इच्छानुसार दिवंगत पिता के नेत्रदान हेतु क्षेत्र की प्रमुख नेत्रदान संस्था सोचो डिफ्रेंट संस्था से संपर्क किया। तत्पश्चात सी एल गुप्ता आई बैंक की टीम द्वारा सफलता पूर्वक नेत्रदान लिए। अब ऐसी पुण्यात्मा जिसने समाज सेवा को जीवन भर सर्वोपरि रखा राज्य निर्माण में अहम भूमिका निभाई। नगर एवं क्षेत्र के विकास के लिए पालिका अध्यक्ष के रूप में नगर को नए आयाम दिए। जाते जाते वह अपने नेत्रदान के लिए (शेष पृष्ठ सात पर)

# ट्राली बैगों में भरे करोड़ों रूपये देख प्रॉपर्टी डीलर की नीयत हुई खराब

## दून पुलिस ने 2.60 करोड़ रूपये की नगदी सहित किया गिरफ्तार,एक फरार

देहरादून(उद संवाददाता)। एक महिला को प्रॉपटी की डील करा रहे प्रॉपर्टी डीलर ने महिला के करोड़ों रूपये पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर के पास से चोरी हुये पैसों से 2.60 करोड़ रूपये बरामद कर घटना का पर्दाफाश किया है। इस घटना को अंजाम देने वाला एक अभियुक्त अभी पुलिस के चंगुल से फरार है। जिसके पास रुपयों से भरा एक बैग और है। पुलिस ने दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए भी टीमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए रवाना कर दी हैं। एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि न्यू डिफेंस कॉलोनी, विश्वनाथ एन्क्लेव रायपुर निवासी मीनू गोयल ने गत 19 अगस्त को अपने घर हुई चोरी के संबंध में शिकायत की थी। इस शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। लेकिन, मीनू ने यह नहीं बताया था कि उनके घर से कितने रुपये चोरी हुए हैं। इसके बाद पुलिस ने तीन टीमें गठित की। इनमें से एक ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कीं। दूसरी टीम ने क्षेत्र में सक्रिय पूर्व के चोरों का डाटा खंगाला। जबकि, तीसरी टीम ने मीनू के रिश्तेदारों और संपर्क के लोगों से जानकारी ली। इस बीच पता चला कि मीनू गोयल का परिवार दिल्ली में रहता था। उनके पति की 2011 में मौत हो गई थी। इसके बाद उनके घर में उनकी मां और बेटी थी। पिछले दिनों वह देहरादून बसने की तैयारी करने लगीं। इसके लिए उन्होंने दिल्ली में अपनी पैतृक संपत्ति को करीब 13 करोड़ रुपये में बेच दिया। इस रकम में से कुछ उनके खाते में आई जबकि बाकी रकम वह देहरादून लेकर आ गईं। यहां उन्होंने प्रॉपर्टी ब्रोकर सन्नी से संपर्क किया। उसने दो करोड़ रुपये में उन्हें डिफेंस कॉलोनी का यह मकान दिलवाया। बाकी रकम अब भी उनके घर पर ही बैगों में भरी रखी हुई थी। सन्नी को इस बात की पूरी जानकारी थी कि




उनके घर पर कैश रखा है। 18 अगस्त को मीनू अपने पार्टनर प्रदीप के जन्मदिन की पार्टी में परिवार के साथ एक रेस्टोरेंट में गईं थीं। यहां उन्होंने सन्नी को भी बुलाया था। लेकिन, सन्नी काफी देर बाद वहां पहुंचा। अगले दिन पता चला कि उनके घर से कैश चोरी हो गया। इस पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक की तो पता चला कि रात साढ़े आठ बजे उनके घर के पास एक सफेद कार आई थी। यह 15 मिनट बाद वापस गई। पुलिस ने कार के नंबर से पता लगाया कि यह सन्नी की है। इसी आधार पर पुलिस ने सन्नी की निगरानी शुरू कर दी। इस बीच सोमवार को पुलिस को जानकारी मिली कि सन्नी अपने परिचित की कार से कहीं जा रहा है। पुलिस ने उसे वंसुधरा एन्क्लेव से कार समेत पकड़ लिया। कार की तलाशी ली गई तो उसमें 20 लाख रुपये नकद बरामद हुए। सन्नी से सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने 2.40 करोड़ रुपये से भरे दो बैग शिप्रा एन्क्लेव स्थित एक हॉस्टल से बरामद कराए। सन्नी कंकरखेड़ा मेरठ के तेजपुर फाजलपुर का रहने वाला है। उसका एक साथी धीरज फरार है, जिसके पास एक और रुपयों से भरा बैग है। सन्नी ने पुलिस को बताया कि मीनू गोयल अपने पैसे निवेश करना चाहती थीं। उन्हें यह मकान दिलाने के बाद वह दूसरी जगहों पर भी संपत्तियां खोज रहा था। इसी बीच उसने रुपयों से भरे ये तीन बैग उनके घर पर देख लिए थे। एक माह पहले उसने ये बैग चोरी करने की योजना बनाई थी। लेकिन, वह सफल नहीं हो पाया। अब घटना से तीन दिन पहले उसने धीरज नाम के युवक को मेरठ से बुलवाया। उसने घर से तीन बैग लिए और एक हल्का वाला बैग धीरज को देकर घंटाघर के पास छोड़ दिया। वह टैंपो में बैठकर आईएसबीटी होते हुए अपने घर चला गया। इसके बाद वह पार्टी में पहुंच गया। महिला के घर के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। सन्नी ने धीरज के साथ मिलकर कैश चोरी करने के बाद कैमरों की डीवीआर भी चोरी कर ली। यह डीवीआर भी उसने धीरज को ही दे दी थी। एसएसपी ने घटना का खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

# हाईकोर्ट ने दिये बीडी पांडे अस्पताल की भूमि से तत्काल अतिक्रमण हटाने के आदेश

नैनीताल(उद संवाददाता)। नैनीताल हाईकोर्ट ने नैनीताल के जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी को बीडी पांडे अस्पताल की भूमि पर हुए अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से हटाने के आदेश दिए हैं। चीफ जस्टिस विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने मंगलवार को नैनीताल निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक अशोक लाल साह की जनहित याचिका पर यह निर्णय सुनाया है। साह ने कोर्ट में अस्पताल में सुविधाओं को लेकर जनहित याचिका दायर की थी। खंडपीठ ने मामले को सुनने के बाद सरकार से अस्पताल की भूमि को तत्काल प्रभाव से खाली करने को कहा है। इससे पहले हुई सुनवाई में खंडपीठ ने सरकार से अस्पताल की भूमि पर हुए कब्जे की विस्तृत जानकारी मांगी थी। मामले के अनुसा, बीड़ी पांडे जिला पुरुष चिकित्सालय में कई स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव होने के खिलाफ जनहित याचिका दायर की गई थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि अस्पताल में इलाज कराने के लिए दूर-दूर से मरीज आते हैं, लेकिन उनकी जांच करके हायर सेंटर रेफर कर दिया जाता है। याचिका में अस्पताल में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने अस्पताल की 1.49 एकड़ भूमि से अतिक्रमण हटाने के आदेश जिलाधिकारी और एसडीएम को दिए हैं। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में 100 से अधिक अतिक्रमण किए गए हैं जिन्हें तत्काल हटाया जाना है।

# बाजपुर में किसानों का भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन जारी

बाजपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र के 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर तहसील परिसर में चल रहे भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन 22वें दिन भी जारी रहा। आंदोलन स्थल पर सामूहिक रूप से सुखमणि साहिब का पाठ कर प्रसाद वितरण किया। भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि धैर्य और संयम के साथ आंदोलन आगे बढ़ेगा। सरकार या किसी की भी आंदोलन को तोड़ने की साजिश नाकाम की जाएगी। मंगलवार को देहरादून से पहुंचे आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन समन्वयक जोत सिंह बिष्ट अपने साथियों के साथ समर्थन दिया। इस दौरान बिष्ट ने कहा कि प्रदेश सरकार को किसान, मजदूर, व्यापारियों के साथ कोई हमदर्दी नहीं है। हल्द्वानी से पहुंची महिला नेत्री मंजू तिवारी ने कहा कि पूरी मातृशक्ति भूमि बचाओ आंदोलन के साथ है। सत्याग्रह के आयोजक राजनीत सिंह सोनू ने कहा कि 22 दिन हो चुके हैं और सरकार से उम्मीद के अनुसार सहयोग नहीं मिल पा रहा। इसलिए आंदोलन को तेज किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकियू प्रदेश अध्यक्ष करम सिंह पड्डा, संचालन सन्नी निजर, इंद्रजीत बंटी ने किया। वहां अमरनाथ शर्मा, सुरजीत अग्निहोत्री, जसपाल सिंह, सुभाष, कुलवंत सिंह, निरंजन दास गोयल, विजेंद्र डोगरा, मंदीप नरवाल आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना से रोजगार भी दे रहे लाभार्थी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत जनपद के अधिक से अधिक लोग बैंक से लोन लेकर रोजगार के साथ ही स्वरोजगार दे रहे हैं। महाप्रबन्धक सुनील कुमार पंत ने बताया कि भारत सरकार द्वारा जिन लोगों ने स्वरोजगार हेतु बैंक से लोन लिया था लाभार्थी पूनम सिंह निवासी गणपति विहार गेट नम्बर-4हल्द्वानी के द्वारा बताया कि मेरे पति की मृत्यु के पश्चात पूरे परिवार की जिम्मेदारी मेरे पर आ गई थी लेकिन मुझे जिला उद्योग केन्द्र से जानकारी मिली कि प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत स्वयं का स्वरोजगार स्थापित कर सकते है। जिला उद्योग केन्द्र ने योजना की विस्तृत जानकारी के साथ ही साक्षात्कार कर बैंक से मुझे 45 लाख का ऋण प्रदान किया गया। मैने 45 लाख की धनराशि से बुटिक का कार्य प्रारम्भ किया इसके साथ ही बुटिक के कार्य के लिए 3 लोगों को प्रत्यक्ष एवं 4 लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से स्वरोजगार दिया। प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना से मेने अपने परिवार के भरण पोषण के साथ ही 7







लोगों को स्वरोजगार हेतु इस मुहिम में सम्मलित किया। लाभार्थी मोहन सिंह बिष्ट ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना से 10 लाख का लोन जिला उद्योग केन्द्र के द्वारा स्वीकृत कर चाय पैकिंग का कार्य प्रारम्भ किया तथा साथ ही 10 लोगों को स्वरोजगार हेतु इस मुहिम में शामिल किया। वर्तमान में उनका कार्य सफलता पूर्वक चल रहा है। इसी क्रम में लाभार्थी रक्षित सूठा पीलीकोठी हल्द्वानी ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत जिला उद्योग केन्द्र की स्वीकृति के उपरान्त 10 लाख का लोन से जिम खोला गया। इस योजना के अन्तर्गत स्वरोजगार के द्वारा 6 लोगों को रोजगार के साथ ही 50 हजार की मासिक आय भी अर्जित की जा रही है। महाप्रबन्धक उद्योग सुनील कुमार पंत ने जनपद के युवाओं से अपील की है कि जो अपना स्वयं का रोजगार प्रारम्भ करना चाहते है वे कार्यालय जिला उद्योग केन्द्र हल्द्वानी से सम्पर्क कर सकते हैं।

# कैदी फरार होने पर प्रधान बंदी रक्षक समेत तीन सुरक्षा कर्मी किये निलंबित

सितारगंज(उद संवाददाता)। केंद्रीय कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी जरनैल सिंह के शौच के बहाने चकमा देकर फरार होने के मामले में कमान अधिकारी और बंदी रक्षक पर गाज गिरी है। आईजी कारागार ने दोनों बंदी रक्षकों को निलंबित कर दिया है, जबकि उपनल सुरक्षा कर्मी की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इधर फरार कैदी की खोज में लगीं पुलिस टीम के हाथ छह दिन बाद भी खाली हैं। 17 अगस्त को केंद्रीय कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहा बिचई गांव निवासी कैदी जरनैल सिंह दस कैदियों की कमान के साथ खेत में निराई करने गया था। सुबह करीब 11 बजे कैदी जरनैल सिंह शौच का बहाना कर कमान अधिकारी, बंदी रक्षक और उपनल सुरक्षा कर्मी को चकमा देकर फरार हो गया था। इसके बाद जेल प्रशासन में अफरातफरी मच गई। पुलिस और जेल कर्मियों ने सर्च अभियान चलाकर कैदी की तलाश की। जंगल में भी कांबिंग अभियान चलाया लेकिन फरार कैदी का कहीं कोई पता नहीं चल पाया था। जेल अधीक्षक अनुराग मलिक ने पुलिस को तहरीर देकर फरार कैदी जरनैल सिंह, प्रधान बंदीरक्षक राज बहादुर सैनी, बंदी रक्षक अमरजीत सिंह, उपनल सुरक्षा कर्मी नरेश सिंह कार्की के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कैदी के फरार होने में लापरवाही की जांच बैठाई गई थी। जेल अधीक्षक मलिक ने बताया कि प्राथमिक जांच के बाद विभागीय कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी थी। आईजी कारागार विमला गुंज्याल ने दोनों बंदी रक्षकों को निलंबित कर दिया है, जबकि उपनल सुरक्षा कर्मी की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।

# पर्यटक के साथ मारपीट का वीडियो वायरल

## पुलिस ने पर्यटक से मारपीट करने वाले युवकों को पकड़कर किया चालान

नैनीताल(उद संवाददाता)। नैनीताल पहुंचे पर्यटक ने स्थानीय युवकों से अनैतिक मांग की तो गुस्साए स्थानीय युवकों ने पर्यटक को पकड़कर जमकर उसकी धुनाई कर दी। घटना का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने पर्यटक से मारपीट करने वाले युवकों की पहचान कर उनका चालान किया है। पर्यटक के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पर्यक के सात मारपीट देर रात माल रोड पर पुलिस चेकपोस्ट के सामने हुई है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह पांच से छह युवक बीच सड़क में एक पर्यटक को गिराकर लात-घूंसे मार रहे हैं। किसी तरह पर्यटक अपनी जान बचाकर भागा। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। हालांकि तब तक पर्यटक नैनीताल से जा चुका था। पुलिस ने मारपीट करने वाले



तीन युवकों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में पता चला कि पर्यटक युवकों से अनैतिक मांग कर रहा था।जानकारी के अनुसार मामले को लेकर सीओ विभा दीक्षित ने बताया कि पर्यटक से मारपीट करने वाले युवको की पहचान प्रकाश जोशी, जीवन सिंह नेगी और महेंद्र सिंह के रूप में हुई है। तीनो तल्लीताल क्षेत्र के निवासी हैं। तीनो युवको का चालान कर दिया गया है।

# डायरिया प्रभावित क्षेत्र लालकुआं में लगाया स्वास्थ्य शिविर

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुख्य चिकित्साधिकारी नैनीताल डॉ भागीरथी जोशी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में डायरिया प्रभावित क्षेत्र लालकुआँ वार्ड नं0 4 एवं 5 में प्रभारी चिकित्साधिकारी मोटाहल्दू डॉ हरीश चन्द्र पाण्डे ने त्वरित कार्यवाही करते हुए डायरिया प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर व घर-घर सेर्वे कार्य हेतु टीम गठन कर प्रभावित क्षेत्र में भेजी। शिविर में डॉ० लव पाण्डे, स्टाफ नर्स प्रियंका पोखरिया एवं फार्मासिस्ट (इन्टर्न) श्री अभिषेक एवं श्री कुनाल उपस्थित थे। शिविर में स्थानीय लोगों ओ०आर०एस० एवं औषधि का वितरण भी परचूर मात्रा में किया गया इसके अतिरिक्त जिला मलेरिया अधिकारी टीम द्वारा डेंगू एवं मलेरिया हेतु क्षेत्र में जन जागरूक्ता अभियान एवं स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गई व स्थानीय लोगों को डायरिया एवं जलजनित रोगों से बचाव की जानकारी प्रदान की। घर-घर सर्वे टीम में क्षेत्रीय आशा फैसिलेटर एवं क्षेत्र के समस्त वार्डो में कार्यरत आशा कार्यकर्तीयों द्वारा प्रभावित क्षेत्र में भ्रमण सर्वे कार्य सम्पादित किया गया। शिविर में 80 लोगों की स्वास्थ्य जाँच की गई जिसमें से 25 व्यक्तियों में डायरिया के लक्षण पाये गये । घर-घर सर्वे टीम ने 05 वार्डो में 80 घरों का सर्वे कार्य पूर्ण किया जिसमें से 13 घरों में डायरिया से 25 व्यक्तियों की डायरिया पीडित होने की सूचना प्राप्त हुई हैं। जिसमें से




8 व्यक्तियों का विभिन्न हॉस्पिटलों में भर्ती होने की सूचना प्राप्त हुई। उक्त के अतिरिक्त क्षेत्र में जिला आईडीएसपी नैनीताल टीम द्वारा 17 जगह से पानी के नमूने भी प्राप्त किये गये हैं।

# नैनीताल, बागेश्वर, चंपावत व ऊधम सिंह नगर में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मौसम विभाग की ओर से अत्यंत भारी वर्षा की चेतावनी को देखते हुए बुधवार को कुमाऊं के तीन जिलों नैनीताल, बागेश्वर व चंपावत में 12वीं तक के स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद रखा गया है। जिलाधिकारियों ने आपदा परिचालन केंद्र व विभागीय अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा है। मौसम विभाग के जारी अलर्ट को देखते हुए जिलाधिकारी ने 23 अगस्त को शासकीय, अशासकीय, निजी स्कूलों में कक्षा एक से 12 तक व आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद रखने का आदेश दिया है, ताकि किसी प्रकार की हानि न हो। डीएम वंदना ने आदेश का पालन न करने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। सड़क बंद होने की स्थिति में उन्हें शीघ्र खोलने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को भी जनपदों में बारिश का दौर जारी रहा। दो दिनों से हो रही भीषण उमस से सुबह से ही बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने सोमवार को कुमाऊं के नैनीताल, बागेश्वर, चंपावत व ऊधम सिंह नगर में रेड अलर्ट जारी करते हुए भारी से भारी वर्षा होने की संभावना जताई है। बारिश के चलते तापमान में छह डिग्री तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री रिकार्ड किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 25.2 रहा। अन्य जनपदों में भी आकाशीय बिजली चमकने के साथ भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है।बिजली का चलता रहा लुकाछिपी का खेल बारिश के चलते कई क्षेत्रों में बिजली का लुकाछिपी का खेल चलता रहा। जिससे लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। बिजली की कटौती के चलते नलकूपों का संचालन प्रभावित हुआ। जिस कारण पेयजल सप्लाई भी बाधित होती रही। आज बंद रहेगी ऊंचापुल क्षेत्र में पेयजल सप्लाई जल संस्थान अधिशासी अभियंता आरएस लोशाली ने बताया कि ऊंचापुल क्षेत्र में नहर कवरिंग कार्य के चलते पेयजल लाइन शिफ्ट करने का कार्य किया जा रहा है। शिफ्ट पेयजल लाइन में कनेक्शन कार्य करने के चलते क्षेत्र में पेयजल सप्लाई आज बाधित रहेगी। इससे लोहरियासाल मल्ला, बिठौरिया, नारायण नगर, चीनपुर, कठघरिया, ऊंचापुल निकटवर्ती क्षेत्र की करीब छह हजार आबादी प्रभावित रहेगी। क्षेत्र में टैंकरों से आपूर्ति कराई जाएगी।

# एरीज के शोध छात्र देखेंगे चंद्रयान 3 की ऐतिहासिक साफ्ट लैंडिंग का सीधा प्रसारण

नैनीताल। भारतीय मून मिशन चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक साफ्ट लैंडिंग को लेकर आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) में बुधवार शाम शोध छात्र विक्रम लैंडिंग का सीधा प्रसारण देख सकेंगे। एरीज के आउटरीच प्रभारी डा. विरेंद्र यादव ने बताया कि इससे छात्रों को चंद्र मिशन को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। साथ ही भावी मून व मार्स मिशन को लेकर भी प्रेरणा मिलेगी। तकनीकी महत्व को लेकर भी चंद्रयान.3 की साफ्ट लैंडिंग खास मायने रखती है। लाइव प्रसारण के दौरान इसरो के व तमाम वैज्ञानिक मौजूद होंगे। डा. विरेंद्र यादव ने बताया की साफ्ट लैंडिंग के दौरान ही चंद्रयान.2 असफल हो गया था। इसलिए साफ्ट लैंडिंग के महत्व को समझना बेहद जरूरी है। विज्ञानी व शोधार्थियों के यह समय समझने व सीखने का रहेगा। हालांकि इस बार इसरो ने साफ्ट लैंडिंग के लिए पिछली कमियों को दूर किया है। लाइव प्रसारण में लैंडर विक्रम को चंद्रमा की सतह पर उतारने के दौरान विस्तृत जानकारी दी जाएगी। चंद्रयान.3 में लगाए गए उपकरण अत्याधुनिक हैं। जिसमें इमेजर से चंद्रमा की सतह को नजदीक से देखने का मौका मिलेगा। इस मिशन की खासियत यह है कि लैंडिंग के दौरान चंद्रमा पर सूर्योदय हो रहा होगा। जिसे देखना रोमांचक होगा। चंद्रयान.3 का लैंडर विक्रम एक चंद्र दिवस यानी पृथ्वी के 14 दिन तक कार्य करेगा। इस मिशन से चंद्रमा की अनसुलझी कई गुत्थियां सुलझने की दुनिया की सभी स्पेस एजेंसियों को उम्मीद है।



# जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी आयोजित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मंगलवार को गुरुनानक बालिका इंटर कालेज में जनपदीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इसका उदघाटन श्री गुरुनानक शिक्षा समिति के प्रबंधक गुरमीत सिंह और अध्यक्ष बालिका इंटर कालेज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान मोटे अनाज पर विद्यार्थियों ने उसके गुण, विटामिन और उत्पादन आदि के बारे में अपने विचार चार्ट के माध्यम से रखा। इसमें खटीमा के अर्पित ने पहला स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर जिला विज्ञान संयोजक प्रेम चंद्र ने श्री अन्न-एक मूल्यवर्धित पौष्टिक अथवा भ्रांति आहारष पर विस्तृत जानकारी दी। इसी विषय पर विभिन्न ब्लाकों से आए 14 विद्यार्थियों ने प्रस्तुति दी। जिसमें शिक्षा भारती सीनियर सेकेंड्री स्कूल खटीमा के अर्पित भट्ट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के मोहम्मद महरोज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अजीम प्रेमजी स्कूल दिनेशपुर की रिधिमा पांडेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र राज्य विज्ञान संगोष्ठी में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी बीएस राजपूत,गुरुनानक बालिका इंटर कालेज रुद्रपुर प्रभारी प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल, विनीता, जगदीश, निर्मल कुमार नियोलिया, निर्णायक मंडल में कमला बोरा,केवी सिंह,नर नारायण वर्मा आदि थे।



# सारथी फाउंडेशन की बैठक में बनी कार्यक्रमों की रूपरेखा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सारथी फाउंडेशन समिति की बैठक कार्यालय विमल कुंज छोटी मुखानी में संपन्न हुई। जिसमें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर सभी सदस्यों के संग विचार विमर्श हुआ और सभी की सलाह पर कार्यक्रम तय किए गए। बैठक में आगामी 4 सितंबर को होने वाले वार्षिक कार्यक्रम को तय कर सभी को जिम्मेदारी दी गई। संस्था के संस्थापक संयोजक नवीन पन्त ने कहा कि सारथी का लक्ष्य जनसेवा सेवा भाव है और आगामी कार्यक्रम की जिम्मेदारी बांटते हुए सभी विषयों पर विस्तृत बात कर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का निवेदन किया। अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा प्रसाद ने कहा कि इस वर्ष भी होने वाला कार्यक्रम हम सबकी मेहनत से सफल होगा। उन्होंने सभी से समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। बैठक का संचालन समन्वयक ज्ञानेंद्र जोशी ने किया। बैठक में जाकिर हुसैन, राजेश पंत, आनंद आर्य, दीक्षा पंत पांडे, मंजू सनवाल, गीता बेलवाल, पूजा पन्त, शीला भट्ट, हेमा जोशी, तनुजा टकवाल, मीना शाही, सोना तिवारी, रमा जोशी, भावना पांडे, इंद्रा बिष्ट, सुनीता उपाध्याय, संतोष गौड़ आदि उपस्थित रहे।




# राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा द्वारा राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता (हिंदी एवं संस्कृत) का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में शाखा स्तर के विजेता प्रांतीय स्तर में फिर क्षेत्रीय स्तर में और अंत में राष्ट्रीय स्तर में प्रतिभाग करते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत प्रांतीय अध्यक्ष आरके गुप्ता, प्रधानाचार्य मंजू जोशी, शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसमें विभिन्न विद्यालयों की 26 टीमों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि मेयर डॉक्टर जोगिंदर पाल सिंह रौतेला ने परिषद द्वारा कराए जा रहे कार्यक्रम की सराहना की जिससे विद्यार्थियों में देश प्रेम की भावना जागृत होती है। प्रत्येक टीम को हिंदी और संस्कृत दोनों भाषा में गायन के आधार पर आंका गया। हिंदी गीत के जज अजय गुप्ता, पंकज उप्रेती तथा संस्कृत गीत के जज चंद्रप्रकाश उप्रेती, धीरज उप्रेती के निर्णय के आधार पर प्रथम स्थान पर केवीएम स्कूल हीरानगर, द्वितीय स्थान पर शैंफर्ड स्कूल तथा तृतीय स्थान पर दून कान्वेंट रहा।कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव डॉ. अभिषेक मित्तल और महिला संयोजिका डॉ. निधि अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव भगवान सहाय अग्रवाल, निदेशक यूनिवर्सल कन्वेंट स्कूल सुनील जोशी, क्षेत्रीय सचिव संस्कार पाला मेहता, प्रांतीय महिला संयोजिका गीतू केसरवानी, प्रांत से पर्यवेक्षक डॉ विश्वनाथ, विवेक कश्यप, मीनू गुप्ता, अविनाश शेट्टी कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, एकता अग्रवाल, रूपम अग्रवाल, उषा अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, बबीता केसरवानी, दीपक बख्शी, अमित राजपाल आदि उपस्थित थे।



# महिलाओं को किया जायेगा आत्मनिर्भर: मीना

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि वह महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हमेशा प्रयास करती रहेंगी। श्रीमती शर्मा ने कहा कि महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा करके उन को मजबूत करना उनका लक्ष्य है और वह निरंतर इसी दिशा में ईमानदारी से कार्य कर रही हैं। श्रीमती शर्मा कौशल सुधार योजना के अंतर्गत जैन मंदिर में शहर के प्रमुख समाजसेवी अमरनाथ जैन के सानिध्य में सिलाई मशीन प्रशिक्षण केंद्र के चौथे बैच का श्री जैन के साथ फीता काटकर विधिवत उद्घाटन कर रही थी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व तीन, तीन माह के तीन बैच पूरे हो चुके हैं और प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण पूरा करने के पश्चात प्रमाण पत्र दे दिए गए हैं स सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के चौथे बैच के उद्घाटन अवसर पर शहर के प्रमुख समाजसेवी अमरनाथ जैन ने कहा कि महिलाएं आगे बढ़े, और आर्थिक रूप से मजबूत हो महिलाएं निशुल्क सिलाई मशीन प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वाबलंबी और आत्मनिर्भर बने, और अपने परिवार के पालन पोषण में मददगार बन सके। श्रीमती शर्मा ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि समाजसेवी इसके लिए पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के संरक्षण में यह सिलाई मशीन प्रशिक्षण केंद्र चलाए जा रहे हैं। इस अवसर पर मीना शर्मा ने कहा कि उनका सपना है कि जरूरतमंद और निर्धन अमरनाथ जैन के सानिध्य में यह प्रशिक्षण केंद्र लगातार जारी रहे। इस अवसर पर कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, सहित ट्रेनर रेखा देवनाथ, सुपरवाइजर सुनील कुशवाहा सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।



# सभी छात्र छात्राओं प्रवेश दिलाने के लिए सौंपा ज्ञापन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय प्रवेश से वंचित सभी छात्र छात्राओं को प्रवेश दिलाए जाने की मांग को लेकर छात्र नेताओं ने महाविद्यालय में धरना प्रदर्शन करने के बाद प्राचार्य के माध्यम से उच्च शिक्षा निदेशक कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल को ज्ञापन प्रेषित किया। इस दौरान वंचित छात्र छात्राओं के लिए पुन: एक अवसर प्रदान करने की मांग की गयी। राजीव यादव ने कहा कि महाविद्यालय में प्रवेश हर छात्र छात्रा का अधिकार है और इस अधिकार से उन्हें कोई वंचित नहीं रख सकता। इसके पश्चात सभी छात्र प्रतिनिधि तथा छात्र पदाधिकारी ने प्राचार्य को मांग पत्र प्रेषित किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल जल्द ही कार्रवाई करके हमारे पक्ष में कोई निर्णय अवश्य देंगे। इस मौके पर वर्तमान विश्वविद्यालय प्रतिनिधि राजीव यादव, विक्रांत तिवारी, आशीष साहनी, विवेक शर्मा, योगिता छेत्री, तुषार, अमन दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



# चोरों ने फटे टायर वाली खराब पड़ी बाईक को भी नहीं छोड़ा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोर अपना धंधा चलाने के लिए खराब मोटर साइकिलो को भी चोरी करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। भले ही उन्हें खराब मोटर साईकिल चोरी करने के बाद उसे सुरक्षित स्थान तक ले जाने में कितनी ही परेशानियां उठानी पड़ें। ऐसा ही एक मामला सामने आया है अज्ञात वाहन चोरों ने घर के परिसर के बाहर खराब मोटर साईकिल जिसका टायर फटा हुआ था चोरी कर ली। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में गांधी नगर वार्ड 27 निवासी अनमोल दीप पुत्र आकाश दीप ने कहा है कि उसकी बाइक का टायर एक सप्ताह पूर्व फट गया था। जिस पर उसने बाइक को बरेली रोड स्थित एक घर के परिसर के पास खड़ी कर दी और घर चला गया। उसका कहना है जब वह अगले दिन अपनी बाइक लेने पहुंचा दो वहां उसकी बाइक नहीं थी। उसने आसपास के लोगों से इस बारे में पूछताछ की लेकिन बाईक का कोई पता नहीं चला। उसका कहना है कि बाईक का रजिस्ट्रेशन शिवम पुत्र सोमनाथ के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामी की जांच शुरू कर दी ।




# भगवानपुर गांव में घरों में घुसा बारिश का पानी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती भगवानपुर गांव में जलभराव से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों से रूक रूककर हो रही बारिश से कई जगह जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ग्राम भगवानपुर में भी हालात बदतर हो चुके हैं। यहां एनएच से उजाड़कर नदी किनारे बसाये गये तीस परिवारों के सामने संकट खड़ा हो गया है। यहां जलभराव ने मुश्किलें खड़ी कर दी है। बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस चुका है सड़क का बुरा हाल है। लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधि इनी सुध लेने के तैयार नहीं है।



# वोट चेतना महा अभियान को लेकर बनाई रणनीति

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र व प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर रुद्रपुर विधानसभा का वोटर चेतना महाअभियान कार्यक्रम की बैठक भाजपा जिला कार्यालय बिगवाड़ा में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप के हरियाणा के पूर्व महामंत्री संगठन व भाजपा नेता सुरेश भट्ट का मार्गदर्शन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ हुआ। बैठक में स्वागत भाषण भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने दिया। उन्होंने कहा कि वोटर चेतना अभियान को बूथ स्तर तक ले जाने व पूरे जिले में नये वोटर जोड़ने व नये मतदाता की पहचान कर उनका वोट बनवाने हेतु कार्य होगा। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में आये सुरेश भट्ट ने कहा राष्ट्रीय एव प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर वोटर चेतना अभियान की शुरुआत पार्टी द्वारा की गई है जिसको बूथ स्तर तक ले जाने का कार्य हमारे बूथ के अध्यक्ष बीएलए शक्तिकेन्द्र सयोंजक के द्वारा किया जाना है, जिसमे वार्ड वार्ड बस्ती बस्ती इस महाअभियान को लेकर जाना है जिसमे नये नये वोटर को खोजने व जिनकी उम्र 18 वर्ष हो गयी है उनके वोट बनाने का कार्य हमारे सभी कार्यकर्ताओं द्वारा घर घर जाकर किया जाना है । जिससे आने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। सुरेश भट्ट ने कहा कि निश्चित रूप से यह अभियान हर घर सम्पर्क कर ही सम्भव हो पायेगा ओर हमारा प्रयास होना चाहिए अपने अपने क्षेत्रों में नये वोटर खोज सके। उन्होंने कहा कार्यकताओ के अथक प्रयासों से यह अभियान सम्भव हो पायेगा ओर हमको उमीद है हम इस वोटर चेतना अभियान के साथ अधिक से अधिक लोगो को जोड़ पाएंगे। बैठक में प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए इस वोटर चेतना महाअभियान कार्यक्रम सफल बनाने की अपील की। इस दौरान कार्यक्रम का सफल संचालन भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग व भाजपा नेता कुंदन राठौर द्वारा किया गया । इस दौरान जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, मेयर रामपाल सिंह, उत्तम दत्ता, डी एन यादव, मण्डल अध्यक्ष हरीश भट्ट, धर्म सिंह कोली, भारतभूषण चुघ, कुंदन राठौर, अनमोल विर्क, गजेन्द्र प्रजापति, धीरेन्द्र मिश्रा, मयंक कक्कड़, सुनील ठुकराल, राधेश शर्मा, राजेश जग्गा, मनोज मदान, नुक्ताप्रसाद, परवेज खान, स्वाति शर्मा, सुनील यादव, बिट्टू चौहान, सुशील चौहान, सुनील बाल्मीकि, सन्तोष पाल, सत्यपाल गंगवार, भीमसेन, अर्पित सिंह, नेत्रपाल मौर्य, शाहखान , मदन दिवाकर, गोविंद शर्मा, जगजीत सिंह, सुदर्शन विश्वास, आयुष चिलाना, गुड्डू पासवान, राज परगाई व अन्य लोग मौजूद रहे।




# क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों का आंकलन करने के निर्देश

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने मानसून के दृष्टिगत आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों के सम्बन्ध में बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियो एवं आपदा को न्यून किये जाने वाले कार्यों में मनरेगा को भी प्राथमिकता दी जाए, जिससे आपदा प्रबन्धन एवं मनरेगा दोनों के कार्यों के उद्देश्यों की प्राप्ति हो सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि आम जनमानस को आपदा के दृष्टिगत कोई क्षति न उठानी पड़े, इसके लिए समस्त कार्यदायी संस्थाओं के दीर्घकालीन स्थायी समाधान को ध्यान में रखते हुये बड़े सुरक्षात्मक कार्यों के आगणन तैयार किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागीय परिसम्पत्तियों की क्षतियों को आंकलन कर उन्हे संकलित करते हुये सूचना तैयार करना सुनिश्चित करें और उसकी सूचना जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण कार्यालय को उपलब्ध करायी जाय। प्रत्येक सप्ताह आपदा प्रबन्धन के दृष्टिगत परिसम्पत्तियों की क्षति व आपदा को न्यून किये जाने के दृष्टिगत त्वरित कार्यवाही हेतु बैठक की जाये।




# राजभवन में आयोजित होगा आर्युज्ञान सम्मेलन

देहरादून(उद संवाददाता)।आयुर्वेद एवं आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता के उद्देश्य से सितम्बर माह में राजभवन में 'आर्युज्ञान सम्मेलन' आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में आयुर्वेद के महत्व, लाभ एवं इसकी उपयोगिता पर मंथन किया जाएगा। इस सम्मेलन में आयुर्वेद से जुड़े प्रख्ताद आयुर्वेदाचार्य, अखिल भारतीय आयुर्वेदिक संस्थान के निदेशक और प्रोफेसर, आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय के कुलपति और प्रोफेसर, आयुर्वेदिक कालेजों के छात्र-छात्राएं व आयुर्वेदिक उत्पादन से जुड़े विशिष्ट लोग उपस्थित रहेंगे। प्रस्तावित 'आर्युज्ञान सम्मेलन' के सम्बन्ध में मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने संबंधित अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद समय की मांग है और हमें इसका प्रचार-प्रसार करना आवश्यक है। कोविड-19 ने हमें आयुर्वेद के महत्व का अनुभव कराया था। राज्यपाल ने इस सम्मेलन का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद को राज्य में पर्यटन के साथ किस प्रकार श्रृंखलाबद्ध किया जाए ताकि स्थानीय लोगों को भी रोजगार उपलब्ध हो सके इस पर भी सम्मेलन में चर्चा हेतु कार्य योजना बनाई जाय। उन्होंने आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय के कुलपति को इस सम्मेलन में अच्छे उत्पादनकर्ताओं का डिस्प्ले कराये जाने और आयुष विभाग के मिशन और विजन पर आधारित बुकलेट बनाने के भी निर्देश दिए। इस बैठक में सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव आयुष डॉ पंकज कुमार पाण्डे, अपर सचिव विजय कुमार जोगदंडे, कुलपति आयुर्वेदिक विश्व विद्यालय ए. के. त्रिपाठी उपस्थित रहे ।



# स्वामी हरि चैतन्यपुरी चित्रकूट में मनाएंगे रक्षाबंधन पर्व

रामनगर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर संत स्वामी 1008 श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज आगामी रक्षाबंधन पर्व श्री हरि कृपा आश्रम चित्रकूट रामनगर में हरि भक्तों के साथ श्रद्धा पूर्वक मनाएंगे। इस अवसर पर 29 अगस्त की प्रात: 8 बजे से अखंड राम चरित मानस पाठ प्रारंभ होगा। 12 बजे से भंडारा तथा सायं 4 बजे से श्री महाराज जी के दिव्य प्रवचन होंगे। 30 अगस्त को प्रात: मानस पाठ का समापन किया जायेगा। जिसके पश्चात श्री महाराज जी के दिव्य प्रवचन होंगे एवं रक्षाबंधन मनाया जाएगा। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक भंडारा आयोजित किया जाएगा। श्री महाराज ने सभी हरि भक्तों को इस शुभ अवसर पधारने का आग्रह किया है।





# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

किच्छा(उद संवाददाता)। उत्तरांचल मुस्लिम युथ मोर्चा ने प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर नगर के छात्र छात्राओं एक सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है। इस अधिकार के तहत कन्याओं का शिक्षित होना वर्तमान परिदृश्य में नितांत आवश्यक है जिस घर की स्त्री पढ़ी-लिखी होती है वह घर समाज देश हित के कार्य करने में सक्षम होता है। मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि ने कहा कि उत्तरांचल मुस्लिम यूथ मोर्चा समाज के विभिन्न वर्गों के हितों की रक्षा के लिए तत्पर है तथा मोर्चे के माध्यम से हर जरूरतमंद की हर प्रकार की मदद की जा रही है प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें सम्मानित करने का सिलसिला प्रारंभ किया गया है यह मोर्चे का तीसरा वार्षिक सम्मान समारोह है जिसमें क्षेत्र के तमाम उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है जिन्होंने वर्ष 22 23 में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि तमाम छात्र-छात्राएं तमाम प्रकार के प्रतियोगिताओं में अग्रणी रहकर क्षेत्र का



नाम रोशन करें।इस अवसर पर सम्मान पाने वालों में दसवीं के छात्र कपिल जोशी, दीक्षा बिस्ट, पल्लवी अधिकारी , ओजस्वी जोशी, मुस्कान, अभिलाषा जीना ,निम्मी अर्शी गाबा, हिमांशी सिंघल ,मुहम्मद रेहान ,सोनम राठौर ,समीक्षा ,जरा सैफी ,मुहम्मद समीर ,जैनब मलिक ,आदित्य यादव, एवम बारहवीं के छात्र राहुल बिस्ट, लक्ष्मी ग्रोवर ,आर्यन सिंह, भावना सिंह ,आयुष बिस्ट ,आदित्य अरोरा ,जिया कार्की, प्रियांका नेगी, शगुन ,आशुतोष जोशी, अनामिका, मुहम्मद फैज, तहरीम फातिमा, नाजिया बी, तिशा कार्यानी, अजरा अंसारी, एवम नीट के 2 बच्चों तनीषा सिंघल एवम कुशाग्र सक्सेना को को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ यूनिवर्सिटी के हेड डाक्टर अब्बास नय्यर , पूर्व स्वास्थ मंत्री माननीय विधायक तिलक राज बेहड़ ,लखनऊ के वरिष्ट पत्रकार सय्यद बिलाल नूरानी ,डाक्टर नुजहत फातिमा ,डाक्टर यासिर जमाल, वरिष्ट कांग्रेसी नेता राजेश प्रताप सिंह ,मोर्चे के संरक्षक खालिद इकबाल, सरवर हुसैन, इमरान कादरी ,सय्यद शाहबाज अहमद ,अकरम खान प्रदेश अध्यक्ष, डाक्टर राहुल शफीक अंसारी ,काशीपुर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शमसुद्दीन एहतेशाम जमाल , कांग्रेसकिसान मोर्चा के जितेंद्र सिंह संधू,अकरम खान, एन यू खान, जावेद मालिक, मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दानिश इकबाल अहमद ने और संचालन जावेद मलिक ने किया कार्यक्रम में उम्मीद ब्लड के अकरम खान खान गुफरान खान को कोच अरमान को उनकी समाज सेवा के लिए सम्मानित किया गया नालन्दा स्कूल के रगुल विस्ट 98.4%मार्क्स के साथ 12वी और 10जी कपिल जोशी 97.6% के साथ टॉप रहे दानिश इकबाल अहमद ने सभी मेहमानों का धन्यवाद किया।

# वृक्षों का जीवन में अमूल्य योगदान: चौहान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड जैवप्रौद्योगिकी परिषद् के निदेशक डॉ0 संजय कुमार के नेतृत्व में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पन्तनगर विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ0 मनमोहन सिंह चौहान के द्वारा वाटिका की स्थापना की गई। जिसमें 40 चम्पा के वृक्ष तथा 40 पाम के वृक्षे रोपित किये गये। परिषद् के निदेशक डॉ संजय कुमार ने बताया कि चम्पा का पौधा सुगन्धित होने के साथ ही अनेक औषधीय गुणों से युक्त है तथा बुखार के लिए अत्यन्त लाभकारी है। पाम का पौधा भी अपने नैसर्गिक सौन्दर्य के लिये मशहूर है। वृक्षारोपण के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डा0 मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि वृक्षारोपण अत्यधिक पुण्य का कार्य है। हमारा दायित्व बनता है कि स्वंय तथा आने वाली पीढ़ी के लिये हम वृक्षारोपण के माध्यम से पृथ्वी को हरा-भरा बनायें। उन्होंने यह भी बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक वृक्षों का हमारें जीवन में अमिट योगदान है इसलिये इस पुण्य कार्य में प्रत्येक जनमानस की सहभागिता अनिवार्य है। परिषद् के वैज्ञानिक डॉ0 कंचन कार्की, डॉ0 सुमित पुरोहित, श्री अनुज कुमार, श्री सचिन शर्मा, श्री शेखर, श्री सौरभ पंण्डा, श्रीमती सरिता बिष्ट, सहित समस्त अधिकारी, कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहें।



# नशे के खिलाफ जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय गदरपुर में महाविद्यालय के 'एंटी ड्रग सेल' एवं जिला चिकित्सालय रुद्रपुर उधम सिंह नगर के संयुक्त तत्वावधान में नशे से



मुक्ति हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में थानाध्यक्ष राजेश पांडे, ए.एस.आई., सी.आई.डी. इंस्पेक्टर मनोज भट्ट, माया खकरियाल, टीना रावत, डॉ. शहनाज उपस्थित रहे। इस दौरान थानाध्यक्ष राजेश पांडे द्वारा उत्तराखंड पुलिस ऐप एवं गौरा ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए नशा, यौन अपराध, साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा आदि के बारे में चर्चा की गई। मनोज भट्ट ने अपने सम्बोधन में नशा मुक्ति अभियान में सहयोग हेतु युवाओं का आहवान किया गया, इस अवसर पर डेंटिस्ट डॉ. शहनाज द्वारा दांतों की सुरक्षा के बारे में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम के दौरान जिला चिकित्सालय की टीम से अपनी समस्याओं के संबंध में प्रश्न पूछे गए जिनका टीम द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को जिला चिकित्सालय की टीम ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया । विजेताओं में प्रथम कु. कामना,द्वितीय कु. मंनतशा तथा तृतीय कु. राधा ने पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शर्मिला सक्सेना तथा मंच संचालन एंटी ड्रग सेल के संयोजक डॉ.हरिप्रसाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अशोक कुमार, डॉ अर्चना वर्मा, डॉ.प्रमोद वर्मा, सुश्री तनुजा परिहार, सुश्री प्रभजोत कौर, शिक्षणेत्तर कर्मचारी मदन सिंह, गौरव जोशी मौजूद रहे।

# भाजपा बनाएगी एक हजार नए वोटर: चौधरी

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी वोटर चेतना अभियान कार्यक्रम दिनेशपुर मोड़ स्थित मैरिज पैलेस में संपन्न हुआ । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी और गदरपुर विधानसभा संयोजक वोटर चेतना अभियान नरेश हुडिया प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा रहे । मुख्य वक्ता खिलेंद्र चौधरी ने कहा,वोटर चेतना अभियान भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में चला रही है हर विधानसभा में 10000 नए वोटर बनाए जाने का भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को लक्ष्य दिया गया है भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर मंडल के मंडल अध्यक्ष एवं अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया । गुंजन सुखीजा ने बताया कि पूरे विधनसभा में जनसंपर्क कर कर बूथ अध्यक्ष के सहयोग से डोर टू डोर जनसंपर्क कर नए वोटर जोड़ने का भारतीय जनता पार्टी काम करेगी । इस कार्यक्रम में प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी , विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष ,बूथ अध्यक्ष/प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक मौजूद रहे इस अवसर पर जिला महामंत्री डॉ सुदेश कुमार ,मंडल अध्यक्ष



सुरेश खुराना, दिनेशपुर मंडल अध्यक्ष अनादि रंजन मंडल,केलाखेड़ा मंडल अध्यक्ष महेंद्र कालरा , मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुंबर ,जसवीर चीमा ,अरविंद पाल ,अनिल जेटली ,संजय शाह ,अभिषेक वर्मा, भोला शर्मा, ज्योतिराज ,रेनू विष्ट ,चंद्रिका फोगाट ,पूनम ग्रोवर, सतीश चुप ,मोहित अरोड़ा,धर्मपाल हुड़िया राकेश भुड्डी,संतोष गुप्ता,बलदेव सिंह, पंकज सेतिया,अशोक छाबड़ा,हिमांशु सरकार,सीमा सरकार,रोहित मंडल, राकेश सिंह, अमन कुमार, हरलोक नामधारी, अमित सिंह ,रणजीत सिंह, राजेंद्र शर्मा ,हेमंत कुमार, सुरजीत सिंह ,सैफ अली ,भारत भारद्वाज, गुलशन शर्मा, मनोहर लाल सहित तमाम भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# आंचल अग्रवाल बनी तीज क्वीन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भदईपुरा के आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया। जिसमें कार्यकर्तियों एवं सहायिकाओं ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये तथा मेहंदी एवं तीज क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नृत्य, गायन कविता पाठ से महिलाओं ने मन मोह लिया। मेहंदी प्रतियोगिता में सृष्टि



प्रथम, शिखा द्वीय, पलक तृतीय रही। साधना और दीक्षा को सांत्वना पुरस्कार दिये गये। कार्यक्रम में सभी ने झूले का आनंद लिया। कार्यक्रम की तीज क्वीन आंचल अग्रवाल को चुना गया उन्हें मुकुट पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आंचल अग्रवाल रीता, सुधा शर्मा, प्रभा आर्या, कुसुम, अनीता, सुमन, ज्योति, गीता, आशा रानी, आराध्या, आकांक्षा, पूजा, संगीता, पुष्पा आदि लोग उपस्थित थे।

# जो साधना करते हुए नम्र बनता है वह प्रभु कृपा पाता है





गदरपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के 22वें दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि जीव जब अतिशय साधना करता हुआ नम्र बनता है तो वह प्रभु का प्रिय पात्र बनकर कृपा पाता है, सब कुछ साधना करते हुए भी माना जाए कि हमने कुछ भी नहीं किया ,जो करो अभिमान रहित हो, कई बार ऐसा होता है की साधना करते करते जीव अभिमानी होने लगता है, ऐसा होने पर उसका पतन होता है। प्रसाद की सेवा पतंजलि महिला योग समिति ( श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार) गदरपुर की सदस्यों द्वारा एवं दीपचंद जोशी के परिवार द्वारा अलग-अलग दी गयी। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# लोकतंत्र सेनानी योगराज पासी के निधन पर शोक व्यक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।उत्तर प्रदेश लोकतन्त्र सेनानी संघ के महासचिव एडवोकेट सुभाष चन्द्र छाबड़ा ने लोकतन्त्र सेनानी नगरपालिका परिषद बाजपुर के पूर्व अध्यक्ष योगराज पासी के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। एडवोकेट छाबड़ा ने कहा कि स्वर्गीय योगराज पासी राष्ट्रवाद के शिखर पुरुष संघ, जनसंघ एवं भारतीय जनता पार्टी के संस्थापकों में से तथा हम सभी के प्रेरणास्त्रोत थे उन्होंने कहा कि योगराज पासी जी अपने सिद्धांतों और राष्ट्रवादी विचारों के प्रति अत्यंत ही दृढ़ थे वे पर्वत सरीखे थे लाख संकटो के बावजूद भी उन्हें कोई हिला नहीं पाया वे सैंकड़ो बार जेल गए आपातकाल के दौरान मीसा के अंतर्गत निरुद्ध रहे , मुझे उनके साथ उनके जिलाध्यक्षीय कार्यकाल में युवा मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में कार्य करने का अवसर मिला उनके सानिध्य में लड़ना सीखा संघर्ष



करना सीखा । ऐसे पिता समान संरक्षक के चले जाने से संघ परिवार के युग का अंत हो गया लेकिन उनका प्रेरणादायी व्यक्तिव हमे हमेशा अन्याय , जुल्म के खिलाफ संघर्ष करने की प्रेरणा देता रहेगा , आप हमेशा हम लोगों के बीच रहोगे अपने विचारों के साथ अपनी मजबूत शख्सियत के साथ । भाजपा नेता वेदप्रकाश ठकराल ने कहा कि स्वर्गीय योगराज जी हम कार्यकर्ताओं के दिल में बसते थे उन्होंने अपने खून पसीने से तराई क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ , जनसंघ तथा भाजपा को खड़ा किया वे संघ परिवार के पितामह थे , लोकतन्त्र सेनानी कस्तूरी लाल तागरा ने कहा कि उन्होंने तराई तथा नैनीताल जनपद में सत्ता के खिलाफ सँघर्ष की भी बुनियाद रखी वे जीवन के अंतिम समय तक जनता के हितों के लिए अपनी आवाज उठाते रहे , भाजपा नेता यशपालघई ने कहा कि वे एक निष्ठावान कार्यकर्ता थे श्रद्धांजलि सभा मे शुभम शर्मा , हरीश एलबादी, अशोक भसीन , डालचंद चहल, लोकतन्त्र सेनानी सुरेश कुमार पुंशो, एडवोकेट कमल चिलाना, गुरुबाज सिंह नारंग, होमी कुरैशी, एडवोकेट पीयूष छाबड़ा , व्यापार मंडल सरपरस्त जगदीश कुमार छाबड़ा, स्त्री सत्संग सभा की कमलेश मिड्ढा, नीरू छाबड़ा, उषाखेड़ा, शारदा पांडेय, जसविंदर कौर छाबड़ा , पम्मी गिल, जसमीत कौर संधू,राजेश्वरी शुक्ला तथा पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अभिनव छाबड़ा समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# नकली नोटों के साथ पकड़े गये तीन आरोपियों को चार वर्ष का कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नकली नोटों के साथ पकड़े गए तीन आरोपीयों को द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शादाब बानों ने 4-4 वर्ष के कठोर कारावास और 1000-1000 रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने बताया कि 26 अप्रैल 2013 की शाम कुण्डा थाने के दरोगा जयपाल सिंह चौहान साथी पुलिस कांस्टेबलों के साथ वाहन चौकिंग कर रहे थे कि तभी मुखबिर से मिली सूचना पर वह मंडी तिराहे पर पहुँचे और वहाँ पर खडे तीन लोगों को पकड़ लिया पकडे गये शाकिर पुत्र अशरफ निवासी छिदरिया जागीर थाना टांडा बादली जिला रामपुर (यूपी) की तलाशी लेने पर उसके पास से 1000 रूपये के 7 नोट,सेडूका मजरा थाना टांडा बादली जिला रामपुर (यूपी) निवासी मकबूल पुत्र हसमत अली के पास से 1000 रूपये का एक तथा 500 रूपये के 10 नोट एवं अजीम पुत्र अहमद अली के पास से 500 रूपये के 10 नोट बरामद हुए ।जॉच कराने पर पता चला कि यह सारे नकली नोट हैं जिन्हें ये लोग बाजार में चलाना चाहते थे, तीनों के विरूद्ध धारा 489 ग आईपीसी के तहत मुकध्दमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया, तीनों ने कोर्ट से जमानत करवा ली ।तीनों के विरूद्ध द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शादाब बानों की अदालत में मुकदमा चला जिसमें सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने 4 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद न्यायाधीश महोदय द्वारा तीनों को दोषी करार देते हुए 4-4 वर्ष के कठोर कारावास और 1000-1000 रूपये जुर्माने की सजा सुना कर जेल भेज दिया ।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# भ्रष्टाचार की शिकायतें

सरकारी महकमों में भ्रष्टाचार की जड़ें इस कदर मजबूत होती गई हैं कि उन्हें काटना शायद सरकारों के वश की बात नहीं रह गई है। हर चुनाव में रिश्वत और कमीशन के खेल से पनप रहे भ्रष्टाचार को समाप्त करने प्रमुख मुद्दा होता है और जो भी सरकार बनती है वह बढ़-चढ़ कर भ्रष्टाचार समाप्त करने के दावे करती है। मगर हकीकत यह है कि हर वर्ष दुनिया के पैमाने पर भारत में भ्रष्टाचार कुछ बढ़ा हुआ ही दर्ज होता या अपने पुराने पायदान के आसपास मौजूद दिखाई देता है। मौजूदा केंद्र सरकार के अहम वादों और प्रयासों में भ्रष्टाचार समाप्त करना सबसे ऊपर रहा है। मगर पिछले कुछ समय से जिस तरह नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक और दूसरी जांचों की रपटें आ रही हैं, उन्हें देखते हुए स्पष्ट है कि भ्रष्टाचार पर काबू पाना सरकार के लिए भी चुनौती बना रहेगा। जबकि आम लोग भी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार के जाल में फंसते जायेंगे। केंद्रीय सतर्कता आयोग यानी सीवीसी की ताजा रपट के मुताबिक पिछले वर्ष केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में एक लाख पंद्रह हजार से अधिक अधिकारियों के खिलाफ अनियमितता की शिकायतें दर्ज हुईं। सबसे अधिक शिकायतें गृह मंत्रालय के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज की गईं। उनमें से करीब आधी शिकायतों का निपटारा हो गया, मगर बाकी अब तक लंबित हैं। उनमें से भी करीब दो तिहाई मामलों का निपटारा तीन महीने से अधिक समय से लंबित है। जबकि नियम के मुताबिक सीवीसी को ऐसी शिकायतों का निपटारा तीन महीने के भीतर कर देना होता है। अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ अनियमितता की शिकायतों के निपटारे में देरी एक अलग मुद्दा है, चिंता की बात यह है कि जिस मंत्रालय पर कानून-व्यवस्था सुधारने की जिम्मेदारी है, उसी में भ्रष्टाचार की शिकायतें सबसे अधिक दर्ज हुईं। मौजूदा सरकार का पहले कार्यकाल से ही वादा था कि शून्य भ्रष्टाचार वाली व्यवस्था लागू करनी है। मगर जब केवल केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में एक लाख पंद्रह लाख से ऊपर भ्रष्टाचार की शिकायतें एक वर्ष में दर्ज हुईं, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि निचले स्तर पर इसकी क्या स्थिति होगी। जब केंद्र सरकार खुद अपने महत्त्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को भ्रष्टाचार मुक्त व्यवहार के लिए अनुशासित नहीं कर पाया, तो आखिर उसकी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई पर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। जो मामले निपटा दिए गए, उसका यह अर्थ नहीं कि उनमें भ्रष्टाचार हुआ ही नहीं था। इतनी बड़ी संख्या में अनियमितता की शिकायतें मिलना ही अपने आप में इस बात का संकेत है कि सरकार की नाक के नीचे भ्रष्टाचार चल रहा था। इस मामले में राज्य और जिला, तहसील स्तर की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। सरकारी विभागों में छोटा से छोटा काम भी बिना रिश्वत के करा लेना बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। हालांकि केंद्र और राज्य सरकारों ने इस पर अंकुश लगाने के लिए डिजिटल प्रणाली से पंजीकरण, लेन-देन आदि की व्यवस्था कर रखी है, मगर उसके समांतर अधिकारियों-कर्मचारियों ने रिश्वत और कमीशन का अपना रास्ता निकाल रखा है। तहसील और जिला कार्यालयों में तो कई जगह हर काम की दरें तक अघोषित रूप से तय होती हैं। ऐसे में आम लोगों में यह धारणा दृढ़ होती गई है कि कोई भी सरकारी काम बिना रिश्वत के हो ही नहीं सकता। ठेकों आदि में भारी कमीशन की शिकायतें अक्सर सुनने को मिल जाती हैं। अगर सचमुच केंद्र सरकार भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने को लेकर गंभीर होती, तो इतने बड़े पैमाने पर उसके अधिकारी-कर्मचारी अनियमितता की हिम्मत शायद न जुटा पाते।

# अधिवक्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

किच्छा(उद संवाददाता)। पारिवारिक प्रकरण को लेकर हुए झगड़े में 18 अगस्त को दर्ज रिपोर्ट में अधिवक्ता शोएब मलिक उर्फ सब्बू पुत्र अब्दुल रशीद जक्कू को नामजद रिपोर्ट दर्ज करने को लेकर तमाम अधिवक्ताओं ने स्थानीय न्यायालय परिसर के बाहर जमकर नारेबाजी की तथा सांकेतिक धरना। दिया तथा मांग की कि उनकी तहरीर पर भी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया तो पुलिस के विरुद्ध आन्दोलन किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि 18 अगस्त को नदीम पुत्र सरगी खुर्शीद अल्वी ने अपने ही पारिवारिक लोगों के खिलाफ जिम अब्दुल रशीद जग्गू उनके पुत्र जावेद मलिक शोएब मलिक उर्फ शिबू वकील एवं काशिफ पुत्र स्वर्गीय अब्दुल हफीज के विरुद्ध हमला कर घायल करने एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा पंजीकृत कराया था। दूसरे पक्ष का कहना है कि पुलिस द्वारा उनकी तहरीर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई जिसमें रूबी नदीम उर्फ राजू सलीम उर्फ गुड्डू वह अन्य व्यक्तियों द्वारा हमला कर मेरे चचेरे भाई कोई चोटिल कर दिया गया था जिसकी बाद में



घायल को पुलिस की उपस्थिति में मेडिकल कराया गया इसके बावजूद भी पुलिस द्वारा तहरी लेने से इनकार कर दिया गया यही नहीं उन पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया गया। किच्छा कोर्ट परिसर के अधिवक्ता गणों द्वारा आज इसी मांग को लेकर सांकेतिक धरना दिया गया तथा चेतावनी दी गई की अधिवक्ता के खिलाफ दर्ज मुकदमा वापस नहीं लिया गया तो जिले की बार को को भी अवगत करायकर जिले भर में अधिवक्ताओं द्वारा कार्य बहिष्कार किया जाएगा। सांकेतिक धरना देने वालों में शोएब मलिक, मुकेश मिश्रा, माया शर्मा, मोहम्मद इमरान, लुबना, सुरेश विश्वास, जुल्फिकार, मोहित, जावेद, हाफिज अहमद, मनोज सिंह, यासिर राहुल छिलना, राजकुमार, मां शेर सिंह आदि अधिवक्ता गण उपस्थित थे।

# बेहड़ ने सुनी जनता की समस्याएं

किच्छा(उद संवाददाता)। कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ जनता दर्शन कार्यक्रम में सैकड़ों की तादात में क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं रखी। जिसमें प्रमुख



रूप से आर्थिक सहायता, नौकरी, सड़क निर्माण के अलावा शिक्षा, व चिकित्सा जैसी मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया तथा समस्याओं के समाधान की अपील की। श्री बेहड़ द्वारा उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करते हुए अधिकारयों से फोन पर वार्ता कि व् जल्द ही समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है। श्री बेहड़ ने कहा कि जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड, बिजली पानी सड़क की समस्याओं के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर जनता की समस्याओं से अवगत कराते हुए निराकरण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता को समस्याओं से जूझने नहीं देंगे तथा विकास का चक्र थमने नहीं देंगे। इस दौरान एक प्रतिनिधि मण्डल ने धौराडाम की समस्याओ को लेकर विधायक बेहड़ से मुलाकात की, प्रियांशी बखपुर निवासी कालेज में एडमिशन हेतु, सुनीता वार्ड न०-01 चुकटी देवरिया निवासी ने आरती ने पति के इलाज हेतु आर्थिक मदद हेतु, सभासद रणजीत नगरकोटी ने देवरिया में विधुत पोल, टाईल्स सड़क नाली निर्माण तथा देवरिया में बने शमशान घाट की पिचिंग निर्माण कराये जाने की मांग की, अर्जुन कुमार पुरानी गल्ला मंडी निवासी ने आर्थिक मदद दिए जाने की मांग की विधायक बेहड़ ने सभी समस्याओ को बहुत ध्यानपूर्वक सुना व निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# जगतपुरा हनुमान मंदिर में गणेश जी की मूर्ति स्थापित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।वार्ड नं. 39 जगतपुरा हनुमान मंदिर में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने अपनी माताजी श्रीमती दर्शना रानी ठुकराल की ओर से हनुमान मंदिर में गणेश जी की मूर्ति स्थापना कराई। इस दौरान मंदिर कमेटी द्वारा पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल को फूल माला से व सरोपा भेट कर सम्मानित किया। इस दौरान सुरेंद्र सिंह सरजू, दीपक कुमार, महेंद्र राम, मदनलाल, दीपक पोद्दार, विक्की सैनी, सूरज, रीत लाल यादव, मिंटू पोद्दार, रमेश महतो, विकास जायसवाल, अमित सैनी, सविता ठाकुर, संगीता देवी, रेनू देवी, अनीता देवी राजकुमार यादव ममता देवी, ममता पोद्दार, सुनीता पोद्दार, बनिया देवी, अनीता पोद्दार, कलावती देवी, संध्या कुमारी, केसरी देवी, संजू देवी, सत्यम पोद्दार, नवल किशोर सहनी आदि लोग थे।

# उत्तराखण्ड को तीन साल बाद मिले 106 सहायक अध्यापक

देहरादून(उद संवाददाता)।उत्तराखण्ड में शिक्षा विभाग को अधीनस्त सेवा चयन आयोग से तीन वर्ष बाद कई बिषयों के 106 आईटी सहायक अध्यापक के अभ्यर्थी मिले है, आयोग ने शिक्षा विभाग से इनकी नियुक्ति की संस्कृति की है, अपर शिक्षा निदेशक कुमाऊ मंडल लीलाधर ब्यास के मुताबिक24 और 26 अगस्त को इन अभ्यर्थियो के समस्त अभिलेखों के मिलन के बाद इन्हें स्कूलों में नियुक्ति दे दी जाऐगी। दरअसल शिक्षा विभाग ने सहायक अध्यापक एलटी के खाली पदों के लिए4 अगस्त 2020 को उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव के मुताबिक 60 प्रतिशत सीधी भर्ती 10 प्रतिशत विभागीय लिखित परीक्षा पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया गया जाना था, आयोग ने 10 अक्टूबर 2020 को इसके लिए विज्ञप्ति प्रकाशित कर 8 अगस्त2021 को लिखित परीक्षा कराई इसके बाद अब आयोग की ओर से संगीत, उर्दू, सामान्य, व्यायाम, संस्कूत, विज्ञान, गणित अंग्रेजी एवं हिन्दीं के पदों के लिए 106 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की संस्तुति की है।

# व्यापारियों ने समस्याओं को लेकर बेहड़ को दिया ज्ञापन

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की नगर इकाई के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ को तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन देकर समस्या के निराकरण की मांग की है। नगर व्यापार मंडल द्वारा दिए गए ज्ञापन में नगर के सौंदर्यी करण हेतु पार्क की स्थापना एवं सेल्फी प्वाइंट बनाए जाने के अलावा नगर में सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाने के अलावा पुरानी नैनीताल बैंक गली शास्त्री मार्केट में सड़क निर्माण किए जाने के संबंध में ज्ञापन दिया है।

## शास्त्री मार्केट में सड़क क्षतिग्रस्त होने से लोग हो रहे परेशान

प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष राजकुमार बजाज, महामंत्री विजय अरोड़ा एवं कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला ने बताया कि मुख्य मार्ग से लेकर मस्जिद तक पुरानी नैनीताल बैंक वाली गली शास्त्री मार्केट में सड़क के क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगों की आवाजाही एवं व्यापारियों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के निर्माण हेतु कई बार संबंधित नगर पालिका एवं पी डब्लू डी के अधिकारियों को भी अवगत कराया गया किंतु समस्या का निराकरण नहीं हुआ है। व्यापार मंडल ने क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बिहार से सड़क निर्माण की मांग की है। नगर में हो रही अपराधी घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न स्थानों में सीसी कैमरे के अलावा नगर में सोन्दरीय करण हेतु पार्क बनाने एवं सेल्फी पॉइंट का निर्माण करने की भी मांग की गई है जिससे लोग घरों से निकलकर खुले में जीवन का आनंद ले सकें तथा बच्चों के मनोरंजन की व्यवस्था हो सके। व्यापारी पदाधिकारी ने बताया कि नगर की संभावित अपराधिक क्षेत्र में सीसी कैमरों का अभाव है जिस वजह से नगर में हो रही अपराधीक घटनाओं को रोकने में पुलिस प्रशासन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सीसी कैमरे लग जाने पर अपराधी घटनाओं पर नियंत्रण किया जा सकेगा तथा पुलिस प्रशासन को भी शहर में होने वाली हर अपराधी घटना का तत्काल पता चल जाएगा।

# भाई बहन के स्नेहिल प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन

रक्षाबंधन ,आपसी जुड़ाव ,रिश्तो को दृढ़ता देने वाला संस्कृति व परम्परा का परिचायक त्यौहार है। यह त्यौहार जब फिजा मे हर तरफ प्रकृति हरियाली से सुवासित हो, आह्लालादित हो मगमाती,हो अपना पूर्णसोलह श्रृंगार करती है। तथा मनोहारी प्राकृतिक सुंदर



छटा बिखेरती है।तब मनभावन रिमझिम श्रावन मास की पूर्णिमा को रक्षाबंधन का त्यौहार बड़े उल्लास व श्रद्धा के साथ मनाया जाता है... बहना ने भाई की कलाई से प्यार बाँधा है...,मेरे भईया मेरे चंदा मेरे अनमोल रत्न...हम बहनो के लिए मेरे भईया आता है एक दिन साल मे...जैसे भाव प्रधान,मार्मिक राखी के गीत फिजाध्ओ मे गुँजते है जिन हदय स्पर्शीगीतों को सुनकर बहनो के कोमल हदयो झंकृत होने लगते है तथा अपने भाईयों के प्रति प्रेम उमड़ने लगता है।बहने जहां कही भी हो कितना भी मनमुटाव हो सब बाते भूलकर अपने भाई से मिलने व सुंदर सी राखी का चयन कर उनकी कलाई पर सजाने के लिए लालायित हो उठती है स्वयं पहुचकर भाई की कलाई पर राखी बाँधकर तथा उनके मस्तक पर तिलक लगाकर सुखशान्ति व लम्बी उम्र की दुआओ का सबाब देती है तथा अपने भाईयो सेअपनी रक्षा का वचन लेते हुए मिष्ठान खिलाती है।और भेंट स्वरूप कुछ न कुछ उपहार अवश्य पाती है यदि जाना संभव न हो सके तो किसी माध्यम से राखी भिजवाती है ताकि भाई की कलाई सूनी न रहे प्राचीन इतिहासनुसार जब गुजरात के शासक बहादुरशाह ने चित्तौड़ पर आक्रमण किया तो महारानी कर्मावती ने अपनी सुरक्षा का कोई रास्ता न देखकर अत्यन्त दु:खी हुई तो उसने हुमाँयु के पास रक्षाबंधन का सुत्र भेजा भाई, शब्द से संबोधित करते हुए प्रार्थना की बादशाह हुमाँयु इस बात से बहुत द्रवित व प्रभावित हुए व सेना भेजकर बहन कर्णावती की सुरक्षा की। यह त्यौहार धर्म व वर्ग के भेद से परे भाई बहन के सच्चे स्नेह की अटूट डोर का प्रतीक है। देश के बच्चे अपने प्रिय नेताओ,राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को राखी बाँधकर अपनी खुशी का इजघ्हार करते है। शिष्य अपने गुरुजी को राखी बाँध कर उनके वचनो का अनुसरण करते है।देश की बहने देश की सीमाओ पर पहुचकर अपने प्रहरी वीर भाईयों को राखी बाँधकर देश की रक्षा का वचन लेती है सदियो से चला आ रहा यह रक्षाबंधन का त्यौहार भाव प्रधान,अगाध श्रद्धा व भाई बहन के निश्चल प्रेम का प्रतीक है।प्रेम के रेशमी धागों मे लिपटता यह त्यौहार मर्यादित रहकर हमे इसे भावपूर्ण सौहार्दपूर्ण तरीके से इसे अवश्य मनाना चाहिए।।

**-नरेश छाबड़ा, रूद्रपुर**

# कांग्रेस नेताओं को सीडब्ल्यूसी सदस्य बनाने पर जताया हर्ष

## उत्तराखंड की जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त : कुंजवाल

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को सी डब्ल्यू सी का दूसरी बार स्थाई सदस्य नियुक्त होने पर एवं पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल



का आमन्त्रित सदस्य के रूप में कांग्रेस संगठन की सर्वोच्च कमेटी में स्थान मिलने पर शुभकामनाएं प्रेषित की।श्री कुंजवाल ने कहा कि दोनों नेताओं को कांग्रेस की सर्वोच्च कार्यसमिति में स्थान मिलने से उत्तराखंड का गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों में राहुल गांधी जी की कर्मठता, सत्यता एवं निडरता का लाभ कांग्रेस संगठन को मिलेगा एवं कांग्रेस उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर अपना परचम लहराएगी।श्री कुंजवाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने ब्लाक प्रमुख से अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत की और भारत सरकार में केन्द्रीय मंत्री तथा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री तक के सफर को तय किया। कांग्रेस संगठन में कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जैसे शीर्ष पदों पर वे रहे।उनकी कुशल कार्यशैली और राजनैतिक ज्ञान का लाभ अब निश्चित रूप से उत्तराखंड में कांग्रेस को मिलेगा जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण आगामी लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा जब कांग्रेस संगठन उत्तराखंड की पांचो लोकसभा सीटों पर अपना परचम लहराएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल की अथाह ऊर्जाशक्ति का लाभ भी अब कांग्रेस संगठन को मिलेगा।आगे श्री कुंजवाल ने कहा कि उत्तराखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता आज महंगाई से त्रस्त है। दैनिक उपभोग की वस्तुओं, सब्जियों, राशन,तेल ,गैस सिलेंडर, दवाईयों के दाम आज इतने बढ़ गये हैं कि आम जनमानस के लिए अपने परिवार का पालन पोषण करना तक मुश्किल हो रहा है। युवा आज बेरोजगारी से त्रस्त है।जिसका जवाब उत्तराखंड की जनता सहित पूरे देश का जनमानस आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा की सरकार को देगा। उन्होंने आगे कहा कि जनता को भी यह देखना चाहिए कि जहां पर जनता ने जो जनप्रतिनिधि चुने हैं वो अपनी विधानसभालोकसभा में विकास के कार्य कर रहे हैं या केवल मौनी बाबा बनकर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही सर्वेसर्वा होती है। जनप्रतिनिधियों का समय समय पर आंकलन भी करना चाहिए कि वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए कितने गंभीर हैं।

# आपदा से बेघर हुए लोगों के पुनर्वास एवं रोजगार की व्यवस्था की जाएगी : सीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बुध वार को दिल्ली से वापस आते ही सचिवालय स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र पहुंचकर प्रदेश में हो रही अतिवृष्टि एवं नुकसान की अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने जिलाधि कारी टिहरी एवं पौड़ी से फोन पर वार्ता कर जनपदों में हुए नुकसान की जानकारी ली। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखें एवं सभी सहयोगी संस्थाओं से निरन्तर समन्वय बनाये रखें। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनपदों में खाद्यान्न से संबंधित सभी वस्तुओं के साथ ही दवाओं की भी पर्याप्त उपलब्धता रखी जाए। शासन के उच्चाधिकारियों एवं सचिव आपदा प्रबंधन को भी जिलाधि कारियों से निरन्तर समन्वय बनाये रखने के मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिवृष्टि से



प्रदेश में बहुत लोग प्रभावित हुए हैं। कुछ लोगों ने अपने परिवार के लोगों को खोया है। काफी लोग बेघर हुए हैं। ऐसे लोगों के लिए जल्द ही एक योजना लाई जा रही है। बेघर हुए लोगों के पुनर्वास एवं रोजगार के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों ने इस आपदा में अपने माता- पिता को खो दिया है, उन बच्चों के लिए शिक्षा का इस योजना के तहत प्रबंध किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य में अतिवृष्टि से एक हजार करोड़ से भी अधिक की परिसम्पति का प्रदेश को नुकसान हुआ है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव श्री शैलेश बगोली, सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत सिन्हा, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधि करण श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल, अपर सचिव श्री सविन बंसल एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# ईवीएम की फर्स्ट लेवल जांच सितंबर में होगी: बरनवाल

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए ईवीएम की फर्स्ट लेवल जांच एवं लोकसभा निर्वाचन की अन्य तैयारियों के संबंध में एक आवश्यक बैठक अपर जिलाधिकारी डॉ. शिव कुमार बरनवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को बताया कि आगामी सितंबर माह में ईवीएम की फर्स्ट लेवल जांच प्रारंभ की जायेगी। जो भारत निर्वाचन आयोग के अभियंताओं द्वारा की जायेगी। उन्होंने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि ईवीएम की फर्स्ट लेवल जांच में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों अथवा प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी ताकि ईवीएम जांच कार्य पारदर्शिता पूर्वक हो सके। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि ईवीएम की जांच टकाना में नवनिर्मित ईवीएम वेयर हाउस में की जायेगी। उन्होंने बताया कि जनपद में इवीएम के अंतर्गत 1101 बैलेट यूनिट, 1192 कन्ट्रोल यूनिट एवं 1087 वीवीपैट हैं जिनकी फर्स्ट लेवल जांच की जायेगी। उन्होंने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि वे अपने दल के पांच- पांच प्रतिनिधियों के नाम तथा दो-दो फोटोग्राफ्स निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करा दें ताकि उनके पहचान पत्र बनाये जा सके।इसके



अलावा अपर जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग का विशेष जोर आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने पर है। इसके लिए आवश्यक होगा कि निर्वाचक नामावली को पारदर्शी बनाया जाय। जनपद में निर्वाचक नामावली को पारदर्शी बनाये जाने का कार्य गतिमान है। जिसके तहत घर-घर सत्यापन कार्य पूर्ण हो चुका है तथा आगामी 17 अक्टूबर से 30 नवंबर तक आलेख्य प्रकाशन किया जायेगा। जिसके तहत नया नाम जोड़ना, नाम संशोधन, नाम हटाना आदि कार्य किये जायेगें। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन आगामी 5 जनवरी को होगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावली के पारदर्शी होने से निर्वाचन के समय मतदान प्रतिशत का आंगणन शुद्ध तरीके से हो सकेगा। बैठक में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरके तिवारी, अधि शासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ऋचा भट्ट सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भूस्खलन से दबे मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख का मुआवजा

टिहरी। जनपद के चंबा में मार्ग पर टैक्सी स्टैंड के पास हुए भूस्खलन में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। जिसके बाद प्रशासन की ओर से मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख का मुआवजे देने का ऐलान किया है। इसके अलावा जल्द ही प्रभावित क्षेत्र का भू-वैज्ञानिक सर्वे भी किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का भू-वैज्ञानिक सर्वे कराया जाएगा। भूस्खलन के आस-पास स्थित छह भवनों को भूस्खलन की आशंका को देखते हुए खाली करवा दिया गया है। सभी लोगों को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर भूस्खलन वाले क्षेत्र में ऊर्जा निगम ने विद्युत लाइन बंद कर दी है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर छह भवनों को खाली करवाया गया है। इसके साथ ही प्रभावित परिवारों के लिए आवश्यक व्यवस्था किए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं।

# कार्यालय के बाहर खड़ी बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने रोडवेज के समीप एक कम्पनी के निजी कार्यालय के बाहर खडी मोटर साईकिल चोरी कर ली । घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में जसवीर सिह पुत्र कांता प्रसाद निवासी पिंडारी अशोक, बरेली ने कहा है कि उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 ए जेड 7981 को 21 अगस्त की दोपहर एसआईएस हेड ऑफिस नियर भारतीय स्टेट बैंक के सामने खड़ा कर ऑफिस के अन्दर काम से चला गया था। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो देखा उसकी बाईक अपने स्थान पर नही है । वाहन को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। वाहन के समस्त मूल दस्तावेज गाड़ी के अन्दर ही थे। पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एसटीएफ ने करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाली कंपनी की निदेशक को किया गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने देहरादून सहित चमोली, टिहरी गढ़वाल और उत्तरकाशी में धोखाधड़ी की घटनाओं को अंजाम देने वाली आरोपित महिला को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ चारों जिलों में धोखाधड़ी के 10 मुकदमे दर्ज है। इसके अलावा महिला के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा भी चल रहा है। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया



कि महिला मोनिका कपूर निवासी पंजाबी बाग प्रगति अपार्टमेंट दिल्ली जोकि जनशक्ति मल्टी स्टेट मल्टी परपज कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड नामक कंपनी की निदेशक थी। कंपनी का मुख्यालय राठी बिल्डिंग दिल्ली में था। आरोपित महिला ने अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर कंपनी बनाई और वर्ष 2015 से उत्तराखंड राज्य के अलग-अलग जिलों के विभिन्न तहसीलों में शिक्षित बेरोजगार नवयुवकों को कंपनी में कंपनी का प्रचार करने व अन्य युवकों को जोड़ने व उनसे निवेश करने के लिए प्रेरित किया। महिला ने कई लोगों से खाते खुलवाए और उसमें करोड़ों की धनराशि जमा करवाई । महिला पर 61 हजार रुपये इनाम था जोकि दो वर्ष से फरार चल रही थी।

# शैक्षिक व आवासीय संस्थाओं की व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के लिए नोडल अधिकारी नामित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधि कारी विशाल मिश्रा द्वारा समाज कल्याण व जनजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शैक्षिक व आवासीय संस्थाओं के संबंध में बैठक ली। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में संचालित सभी 12 विभागीय संस्थाओं में गुणवत्तायुक्त शिक्षा तथा आवासीय संस्थाओं में आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने, निरंतर मॉनिटरिंग करने के लिए नोडल अधिकारी नामित किए है। सीडीओ ने समस्त नोडल अधिकारियों को मासिक निरीक्षण के दौरान भोजन व्यवस्था,



आवासीय व्यवस्था, दैनिक प्रयोग के लिए दी जाने वाली सामग्री आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थाओं में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त संस्थाओं की विभिन्न आवश्यकताओं के मूल्यांकन भी निर्देश दिए, जिससे सभी आवश्यकताओं व मांगों हेतु सक्षम स्तर से उचित कार्यवाही कर, समाधान किया जाए सके। बैठक में जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, जिला पंचायतराज अधिकारी रमेश चंद्र त्रिपाठी, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध आदि शामिल थे।

## पेज एक का शेष...

**चंद्रयान-3 के लिए हुई...**तीसरी बार इसरो ने मंगल ग्रह की कक्षा में प्रवेश करने के अलावा अपने अंतरिक्ष यान को चंद्रमा की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया है, यह भारत के लिए गर्व और गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रध ानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वेदों से विमान तक और उपनिषदों से उपग्रहों तक अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। कल का दिन हम सभी भारतवासियों के लिए ऐतिहासिक है। स्वामी चिदानंद सरस्वती ने भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई को याद करते कहा कि उनकी यह दूरदर्शिता ही थी कि आज हम अंतरिक्ष के संसाधनों में इतना समर्थ है। इस अवसर पर मिसाइल मैन एवं पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वहीं चंद्रयान-3 मिशन पर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी का कहा कि ष्मैं इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई देना चाहता हूं...भारत का विज्ञान और तकनीक पूरी दुनिया को दिशा देगी।

**लोकतंत्र सेनानी...**1975 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रायबरेली लोकसभा सीट से इंदिरा गांधी की जीत को अवैध करार दे दिया। जिसके बाद देश में आंतरिक आपातकाल थोप दिया गया। जिस समय इमरजेंसी का एलान हुआ वे बरेली में अपना इलाज करा रहे थे। संघ के आदेश पर रात में अपने यहां से स्टेंसिल मशीन से पंपलेट बनाते और सुबह ट्रेनों, बसों में गोपाल कोच्छड़ आदि बांट आते थे। गुप्तचर विभाग उन्हें बीमार जान कुछ दिन शांत रहा। लेकिन फिर वाल्मीकि जयंती के दिन अचानक विजयपाल सिंह दरोगा व दो-तीन सिपाही दुकान पर पहुंचे और नाम पूछने के साथ ही पीटते हुए थाने ले गए। अगले दिन डीआइआर के तहत आरोपी बनाते हुए जेल में बंद कर दिया गया। तीन माह 22 दिन बाद उन्हें जमानत मिल गई। बाहर आए तो उनके साथ जेल में बंद अल्मोड़ा के संघ प्रचारक सुरेश पांडेय ने एक पत्र देकर किसी को देने की बात कही। घर आकर पत्र देने चल पड़े। अल्मोड़ा पहुंचकर जिस व्यक्ति से उन्होंने पता पूछा, वह सीआइडी का दारोगा निकला। किसी तरह बचकर निकल आए। अपनी डीआइआर की तारीख पर जुलाई 1976 में नैनीताल कोर्ट पंहुचते ही राष्ट्र विरोधी गतिविधियां संचालित करने के आरोप में बंद कर दिया गया और अगले ही दिन मीसा लगाने की जानकारी दी गई। 1977 में आम चुनाव की घोषणा हो गई और सभी जेल बंदियों को रिहा कर दिया गया।

**रम्पुरा में मामूली बात पर...**बताया कि उसका दो साल का भतीजा मंगलवार शाम को छत पर खेल रहा था। जिससे छोटा सा गिट्टी रास्ते से निकल रहे रम्पुरा निवासी सोनू कोली उर्फ सोनू की कार में गिर गया। इस पर सोनू कोली उर्फ सोनू व उसका साथी कार से उतरे। इस दौरान सोनू कोली का छोटा भाई भी धारदार हाथियार लेकर आ गया। आरोप है कि इस दौरान सोनू कोली उर्फ सोनू कहने लगा कि वह उस बच्चे को मारेगा जिसने गिटी मारी। आरोपितों के डर से गेट बंद किया तो उन्होंने मेन गेट तोड़ दिया। साथ ही उसकी मां रामवती को धक्का मारकर गिरा दिया। यही नहीं आरोपित ने 4-5 राउंड फायर किए। जिससे उसके पडोसी के घर के शीशे टूट गए। पीड़ित ने आरोपितों के खिलाफ कारवाई की मांग की है। कोतवाल विक्रम राठौर ने बताया कि तहरीर के आधार पर सोनू कोली उर्फ सोनू खत्म, पुत्र प्रेम शंकर, गोलू सरदार और शेखर कोली निवासी रम्पुरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है तीनों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

**सांड ने आंगनवाड़ी...** रोष पनपता दिखाई दे रहा है। बता दें भाजपा के पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा समाज सेवी उमेश अग्रवाल ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर गौशाला बनाने की मांग की थी। नगर के व्यापारियों का कहना है कि आवारा पशु आए दिन दुकानों के बाहर रात में गंदगी कर देते हैं। जिससे सुबह दुकान आने के बाद सफाई में आधा घंटा लग जाता है। इसलिए नगर में बढ़ रहा है आवारा पशु की ओर नगर पंचायत का ध्यान जाना चाहिए। नहीं तो आए दिन दुर्घटना होगी। आवारा पशुओं के हमलें से दहला रोड के रिटायर्ड शिक्षक की मौत हो चुकी है। आवारा पशुओं के हमलें से नानकसागर बैराज पर नानकमत्ता के डाकटर और स्कूल के प्रबंधक की मौत हो चुकी है। ऐसे कई बाइक चालक है जो चोटिल हो चुके हैं।

**नेत्रदान कर अमर हुए...**इच्छा जाहिर कर गए। अब भले ही वह इस दुनिया में न रहें लेकिन उनकी आखों से किन्ही दो लोगों को रोशनी मिलेगी और वो इस रंगबिरंगी दुनिया को देख पाएंगे। इस अवसर पर नेत्रदान के क्षेत्र में अग्रणी संस्था सोचो डिफरेंट के संस्थापक विकास भुसरी, संदीप चावला,प्रतीक अरोरा,अनुराग मुंजाल ने योगराज पासी के चरणों में अपने श्रद्धा के सुमन अर्पित किए।

**पौराणिक नागेश्वर मंदिर...**मकानों के साथ मंदिर को भी ढहने से बचा पाने में कामयाब नहीं हो पाये। सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि चुने गए जनप्रतिनिधि यों ने मधुवन नगर जाकर हालात की गंभीरता को समझने का प्रयास ही नहीं किया। जिसका परिणाम वहां की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

**सरेआम लूटी सोने की...**हड़कंप मच गया। खुलेआम चेन स्नेचिंग की घटना ने पुलिस के सुरक्षा दावों की भी पोल खोल दी है हालांकि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का दावा है कि शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**३५ लाख की स्मैक...**कब्जे में लेकर दिनों नशा तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। एलपुलिस टीम में उनि गौरव जोशी, उनि राजवीर सिंह नेगी प्रभारी एसओजी, का. विरेन्द्र रौतेला , चन्द्रशेखर , एसओजी के हेका .कुन्दन कठायत , त्रिलोक सिंह, का. अशोक रावत, भानू प्रताप, दिनेश नगरकोटी शामिल थे।

**चोरी की तीन बाइकों..**पुलिस ने दो बाइकों कुलवंतनगर गांव के आगे डाम किनारे झाड़ियों से बरामद की। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय,उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिह,उपनिरीक्षक बसन्त प्रसाद, कांस्टेबल उमेश जोशी ,दर्शन सिह, इरशादउल्ला प्रकाश टमता आदि शामिल थे।

# गणेश महोत्सव के आयोजन के लिए कमेटी का किया गठन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। सुभाष चौक पर गुरुग्राम रोड पर शिव कावड़ कमेटी की एक बैठक में 19 सितंबर से दो दिवसीय गणेश महोत्सव का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। आयोजन के लिए कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अरविंद सिंह अध्यक्ष एवं कुंदन सिंह नेगी सचिव मनोनीत किए गए। मनोज सील, रंजन चौधरी उपाध्यक्ष, सागर व पंकज उपसचिव, नारायण विश्वास,



अंकित मजूमदार कोषाध्यक्ष, पन्ना भोले एवं जगोदास महामंत्री, प्राण भोले, अजय एवं संजीत पुरोहित, आनंद सरकार एवं अमित विश्वास संचालक, सुनील विश्वास, विश्वजीत हालदार, विधान दास, गोविंद पोखरिया, विक्रम सिंह भंडारी, उत्तम दास, कृष्णा, ओम प्रकाश दीपक सील अनूप हालदार नवीन यादराम अग्रवाल, भगवान पांडे, देवेंद्र मेहरोत्रा, अंकित दास, विधान मजूमदार संरक्षण मनोनीत किए गए।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स,
श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जुडो क्लस्टर प्रतियोगिता में खिलाडियों ने दिखाया दमखम

## दूसरे दिन 31वीं वाहिनी के खिलाड़ी छाए

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 31 पीएसी के प्रांगण में आयोजित 3 दिवसीय 22वीं प्रादेशिक अंतर जनपदीय/वाहिनी पुलिस जुडो क्लस्टर प्रतियोगिता–2023 के दूसरे दिन गत दिवस 31 वीं वाहिनी के खिलाड़ी छाए रहे।उत्तराखंड पुलिस के जनपद वाहिनी की 18 टीमों द्वारा ताइक्वांडो, वूशू, जूडो, कराते (महिला पुरुष) प्रतियोगिता की विभिन्न वेट कैटेगरी एवं जिम्नास्टिक प्रतियोगिता के 6 इवेंटों में प्रतिभाग किया जा रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणाम में वूशू (पुरूष) प्रतियोगिता में 52 किलो वर्ग में पवन सिंह आईआरबी द्वितीय प्रथम, दीपक बोरा 31 पीएसी द्वितीय, 60 किलो वर्ग में कार्तिक चौधरी 31 पीएसी प्रथम, पदम सिंह 46 पीएसी द्वितीय, मयंक थपलियाल 40 पीएसी तृतीय, 65 किलो वर्ग में करन सिंह 40 पीएसी प्रथम, सुरेन्द्र पौड़ी गढ़वाल द्वितीय, नरेन्द्र, टिहरी गढ़वाल तृतीय रहे। 70 किलो वर्ग में सूरज धामी 46 पीएसी प्रथम, हरीश लस्पाल 31 पीएसी द्वितीय, गुलराज अली पौड़ी गढ़वाल, विपिन कुंवर 40 पीएसी तृतीय रहे। 75 किलो वर्ग में शुभम चौधरी आईआरबी द्वितीय प्रथम, सौरभ जोशी 31 पीएसी द्वितीय, सूरज धामी अल्मोड़ा, नेतराम, टिहरी गढ़वाल तृतीय रहे। 90 किलो वर्ग में लवींश कुंवर पौडी गढ़वाल प्रथम, प्रकाश कोरंगा 31 पीएसी द्वितीय, ओम कुमार 40 पीएसी, प्रहलाद राम 46 पीएसी तृतीय रहे। 90 प्लस किलो वर्ग में विपिन जोशी 31 पीएसी प्रथम, मो. अरशद पौड़ी गढ़वाल द्वितीय, जितेन्द्र गुप्ता आईआरबी द्वितीय व अर्पित, 46 पीएसी तृतीय रहे। जूडो (पुरूष) प्रतियोगिता में 81 किलो वर्ग में प्रमोद कुमार 31 पीएसी प्रथम, सर्वेश कुमार 31 पीएसी द्वितीय, सुशील कुमार 40 पीएसी व तृतीय हेमन्त आईआरबी द्वितीय तृतीय रहे। 90 किलो वर्ग में वीरेन्द्र सिंह, हरिद्वार प्रथम, निपुन जैन पौड़ी गढ़वाल द्वितीय, सचिन शर्मा, 40 पीएसी व ओम कुमार 40 पीएसी तृतीय रहे। 100 किलो वर्ग में देवेन्द्र मेहता 31 पीएसी प्रथम, देवेन्द्र सिंह 31 पीएसी द्वितीय, अर्पित साही 46 पीएसी तृतीय रहे। जिम्नास्टिक प्रतियोगिता के परिणाम में हाईवार में रोहित कुमार 31 पीएसी प्रथम, हरीश रावत, आइआरबी द्वितीय, अनूप राणा 31 पीएसी द्वितीय, बालम कुमार 31 पीएसी तृतीय रहे। पामल हार्स में आशुतोष रावत 46 पीएसी प्रथम, रोहित कुमार, 31 पीएसी द्वितीय, योगेश शर्मा आईआरबी प्रथम , सुमित कुमार, नैनीताल तृतीय रहे। टेबिल वाल्ट में सुनील फर्त्याल 31 पीएसी प्रथम, कृपाल सिंह पिथौरागढ़ द्वितीय, सुनील चन्द देहरादून द्वितीय, सुमित कुमार नैनीताल तृतीय रहे। फ्लोर में विक्रम कार्की 31 पीएसी प्रथम, भुवन जोशीवीआईआरबी प्रथम , सुनील फर्त्याल 31 पीएसी द्वितीय, हरीश रावत आईआरबी द्वितीय तृतीय रहे। वुशू (महिला) प्रतियोगिता के परिणाम में 45 किलो वर्ग में कविता 31 पीएसी प्रथम, अक्षी सैनी टिहरी गढ़वाल द्वितीय, 48 किलो वर्ग में मीना गोस्वामी 31 पीएसी प्रथम, पूजा चौधरी 40 पीएसी द्वितीय, 65 किलो वर्ग में विमला चन्द 31 पीएसी प्रथम, बंटी 40 पीएसी द्वितीय, 70 किलो वर्ग में राजेश्वरी 40 पीएसी प्रथम, नेहा रानी 31 पीएसी द्वितीय,जूडो (महिला) प्रतियोगिता के परिणाम में 63 किलो वर्ग में विमला चन्द, 31 पीएसी प्रथम, लक्ष्मी तिवारी, 31 पीएसी द्वितीय, निर्मला चौहान, जीआरपी, बंटी 40 पीएसी तृतीय रहे। 78 किलो वर्ग में शैली मनराल, ऊधमसिंहनगर प्रथम, नेहा बिष्ट 31 पीएसी द्वितीय, प्रियंका रावत 31 पीएसी, प्रोमिला कौर 40 पीएसी तृतीय रही। 78 प्लस किलो वर्ग में स्नेहा तडियाल, चमोली प्रथम, मीनाक्षी जोशी 40 पीसी द्वितीय, अंजू श्रीवास्तव 31 पीएसी , लता जीना 31 पीएसी तृतीय रही। इस अवसर पर श्रीमती प्रीति प्रियदर्शिनी, सेनानायक 31पीएसी, डॉ. उत्तम सिंह नेगी, उप सेनानायक, 31 पीएसी, हरीश वर्मा, उप सेनानायक 46 पीएसी, राजेंद्र सिंह कोश्यारी, सहायक सेनानायक, मनीष शर्मा, क्वार्टर मास्टर, दलनायक शुक्रू लाल, गोपाल सिंह बिष्ट, खुर्शीद अली, सूबेदार सैन्य सहायक, पीसी गिरीश चंद जोशी, कौशल नरेश शाह, हयात सिंह, श्रीमती स्वीटी रमन, अपर पीसी राजेंद्र प्रताप सिंह, कमला भण्डारी समेत सभी टीमों के टीम मैनेजर व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।





# राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता मे सेंट थेरेसा स्कूल रहा अव्वल



हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद शाखाकाठगोदाम की राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि एसपी डॉ. जगदीश चंद्रा, परिषद प्रांतीय अध्यक्ष आरके गुप्ता, प्रांतीय संगठन मन्त्री डॉ. विनय खुल्लर.अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, सचिव रस्मी जैन संयोजिका सुजाता माहेश्वरी फादर ग्रेगारी मेसजरिंस ने दीप प्रज्वलित किया। कुल 15 विद्यालयों ने प्रतिभाग लिया। प्रथम सेंट थेरेसा स्कूल ने सबसे ऊँची विजय पताका एवं संस्कृत मे राष्ट्र रक्षणम का छात्रों ने सुन्दर गायन प्रस्तुत किया। दूसरे नंबर पर निर्मला कान्वेंट एवं तीसरे पर इंस्पेरेशन स्कूल रहा। इसके आलावा विवेकानंद विद्या मन्दिर,क्वीन्स पब्लिक, कारगिल शहीद, इम्परियल स्कूल, सेंट पोल्स, जिम कार्बेट, जेडीएम, ग्रीन वेल्ली, श्री सनातन धर्म संस्कृत, बीरशीबा, डॉ बीआर अम्बेडकर विद्यालय आदि विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। संचालन अपर्णा नेगी ने किया। समूहगान प्रतियोगिता संयोजिका सुजाता माहेश्वरी एवं सह संयोजक जीतेन्द्र देरोलिया थे। मुख्य अतिथि एसपी डॉ. चंद्रा ने कहा ऐसे आयोजनों से छात्रों मे राष्ट्र भक्ति का भाव जागृत होता एवं राष्ट्रीय चरित्र उत्पन्न होता है। कार्यक्रम मे कोषाध्यक्ष दीपक बिस्ट, उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, ममता खुल्लर, सिस्टर स्मिता, रेणुका गर्ग ,कनिका बमेटा ,अलका माहेश्वरी, कनिका बमेटा, हरीश, राजीव रावत, सुशील मित्तल, नीतू मित्तल, सीमा खांदुजा, गरिमा सिंघल, वंदना आदि थे।

# गोदाम के बाहर से कार चोरी

काशीपुर(उद संवाददाता)। पुलिस की लाख कोशिशें के बावजूद यह क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। चोरों ने मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के बाद अब चार पहिया वाहनों पर भी हाथ साफ करते हुए कानून को चुनौती देना शुरू कर दिया है। हालिया घटनाक्रम में मानपुर रोड स्थित आरके पुरम क्षेत्र से गोदाम के बाहर खड़ी एक शिफ्ट डिजायर कर पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की प्राथमिक की दर्ज कर ली लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या ताबड़तोड़ तरीके से हो रही वाहन चोरी की घटनाएं भविष्य में थमने का नाम लेंगी या फिर चोरों का आतंक यूं ही बरकरार रहेगा। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर दुर्गा कॉलोनी सूरज मेडिकल वाली गली रामनगर रोड निवासी ऋषभ गोयल पुत्र रविंद्र कुमार गोयल ने बताया कि मानपुर रोड पर आरके पुरम सेक्टर नंबर एक गली नंबर 5 में उनका गोदाम है। रोजाना की भांति उन्होंने बीते दिवस अपनी सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कर संख्या यूके 18जी/5365 गोदाम के बाहर खड़ी कर दी। दूसरे दिन 11:00 बजे के करीब जब वह गोदाम पर पहुंचे तो कार मौके से नदारद थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि गाड़ी को पूरी तरह से लॉक करके खड़ी किया गया था लेकिन इसके बाद भी वह चोरों के हत्थे चढ़ गई।

गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Easy EMI Options Available
गुरू मां GURU MAA ENTERPRISES
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338